Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 164 | सोमवार, 16 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### सोमवार को जारी होगा नोटिफिकेशन

# 2027 में होगी जनगणना और जाति गणना, गृह मंत्री ने की समीक्षा बैठक



**नई दिल्ली।**

देश में अगली जनगणना 2027 में होने वाली है, जिसमें पहली बार जाति आधारित गणना भी की जाएगी। रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस एतिहासिक जनगणना को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। इस बैठक में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। सरकार की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि जनगणना को लेकर अधिसूचना सोमवार को राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी। यह 16वीं जनगणना होगी और स्वतंत्रता के बाद आठवीं बार जनगणना कराई जा रही है। इस बार जनगणना में डिजिटल तकनीक का भी इस्तेमाल होगा और लोगों को मोबाइल एप के जरिए स्वयं जानकारी भरने का विकल्प भी मिलेगा। इसके साथ ही डेटा की सुरक्षा को लेकर सख्त उपाय किए जाएंगे।

### 2027 का जनगणना क्यों है खास?

- इस बार जाति आधारित आंकड़ों को भी शामिल किया जाएगा।
- इस जनगणना में लगभग 34 लाख गणनाकार और पर्यवेक्षक और करीब 1.3 लाख जनगणना अधिकारी तैनात किए जाएंगे।
- लद्दाख, जम्मू–कश्मीर के बर्फीले इलाकों, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे क्षेत्रों के लिए जनगणना की तिथि 1 अक्टूबर 2026 की मध्यरात्रि होगी।
- बाकी देश के लिए जनगणना की तिथि 1 मार्च 2027 की मध्यरात्रि रखी गई है।
- इस बार जनगणना में आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाएगा।
- इसके तहत डेटा संग्रहण के लिए मोबाइल एप्लिकेशन का इस्तेमाल किया जाएगा।
- लोग खुद भी अपनी जानकारी ऑनलाइन भर सकेंगे जिसे सेल्फ–एनेमरेशन कहा जाएगा।

# एअर इंडिया की फ्लाइट में बिना एसी के 5 घंटे तक फंसे रहे यात्री



**नई दिल्ली।**

एक बार फिर से एअर इंडिया एक नए विवाद में फंस गया है। दुबई से जयपुर आने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में सवार यात्रियों ने एअरलाइन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। यात्रियों का कहना है कि उन्हें करीब 5 घंटे तक तेज गर्मी में बिना एसी के विमान में बैठाए रखा गया और इस दौरान उन्हें पीने के लिए पानी तक नहीं दिया गया। यह घटना 13 जून की है, जब एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट क 196 दुबई से जयपुर के रवाना होने वाली थी। उड़ान का समय 7.25 बजे का था, लेकिन तकनीकी खराबी के चलते विमान ने रात 12.44 बजे उड़ान भरी। सोशल मीडिया पर आए वीडियो और तस्वीरों में देखा जा सकता है कि विमान में सवार यात्री, जिनमें बच्चे और बुजुर्ग दोनों शामिल हैं, वे सभी काफी परेशान हैं। यात्रियों ने बताया कि बाहर का तापमान करीब 40 डिग्री सेल्सियस था और विमान के अंदर एसी न चलने के कारण स्थिति और भी ज्यादा खराब हो गई। कुछ यात्रियों ने दावा किया कि गर्मी और उमस के कारण कुछ बुजुर्ग यात्रियों की तबीयत भी बिगड़ गई थी। इसके बावजूद एअरलाइन की तरफ से कोई ठोस इंतजान नहीं किए गए। यात्रियों का आरोप है कि इतनी गर्मी में उन्हें पानी तक नहीं दिया गया, जिससे उनकी तकलीफ और बढ़ गई। जयपुर पहुंचने के बाद यात्रियों ने एयर इंडिया एक्सप्रेस की व्यवस्था पर नाराजगी जताई।

## दिल्ली के यूट्यूबर ने मुंबई की महिला को धमकाकर लिए 19 लाख रुपये

**मुंबई।** दिल्ली के यूट्यूबर को महिला से 19 लाख रुपये ठगने और धमकी देने के आरोप में मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित पीयूष कात्याल के यूट्यूब पर पांच लाख से अधिक फालोअर्स हैं।अधिकारी ने रविवार को बताया कि महिला ने पिछले सप्ताह उत्तर क्षेत्र साइबर पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने कहा कि वह पांच महीने पहले पीयूष के संपर्क में आई थी। उसने पीयूष के वीडियो को लाइक और इस पर कमेंट किया था। इसके बाद वह उसके अकाउंट को फॉलो करने लगी। दोनों ने एक दूसरे को अपने फोन नंबर भी दिए। कुछ दिन पहले पीयूष ने मेडिकल इमरजेंसी का हवाला देते हुए उससे पैसे मांगे।

# 62 डीएनए मिलान की पुष्टि, 25 शव परिजनों को सौंपे

**अहमदाबाद।**

अहमदाबाद प्लेन क्रैश को तीन दिन बीत चुके हैं। यह हादसा इतना भयानक था कि शवों की शिनाख्त करना भी मुश्किल हो गया है। अब तक डीएनए टेस्टिंग की मदद से सिर्फ 32 शवों की ही पहचान हो सकी है।

25 शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में शवों की पहचान और घायलों का इलाज चल रहा है। अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रजनीश पटेल ने कहा कि 62 डीएनए मिलान की पुष्टि हो चुकी है और अब तक 44 परिवारों से संपर्क किया गया है। इनमें से 25 शव रिश्तेदारों को सौंप दिए



गए हैं। अतिरिक्त सिविल अधीक्षक डॉ. रजनीश पटेल ने रविवार को बताया कि गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के शव की भी डीएनए टेस्टिंग की गई। 12 जून को हुए विमान हादसे में उनकी भी मौत हो गई थी। प्लेन क्रैश में जान गंवाने वाले लोगों में ज्यादातर मृतक गुजरात और राजस्थान के हैं। हादसे में लोगों के शव बुरी तरह से झुलस गए हैं, ऐसे में उन्हें पहचानना मुश्किल हो गया है। यही वजह है कि सभी शवों की डीएनए टेस्टिंग की जा रही है, जिससे उनकी शिनाख्त की जा सके। अभी तक सिर्फ 32 डीएनए सैंपल ही मैच हो सके हैं। 14 शवों को उनके परिजनों को सौंपा जा चुका है। यह मृतक उदयपुर, वडोदरा, खेड़ा, मेहसाणा, अरावली और अहमदाबाद से ताल्लुक रखते हैं। पूर्व सीएम विजय रूपाणी का डीएनए मैच किया है। पीड़ित परिवारों से संपर्क करने के लिए 230 टीमों का गठन किया गया है। बता दें कि 12 जून की दोपहर को अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट अक 171 बीजे मेडिकल कॉलेज के मेस से टकराकर क्रैश हो गई। इस दौरान फ्लाइट में 242 लोग सवार थे, जिनमें से 241 लोगों की मौत हो गई और 1 शख्स ही जिंदा बच सका।

## सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराई गईं सोनिया गांधी



**नई दिल्ली।**

सोनिया गांधी पेट से जुड़ी समस्या के चलते गैस्ट्रो विभाग में भर्ती हुई हैं। सर गंगा राम अस्पताल का कहना है कि अभी वे निगरानी में हैं। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक वह पेट से जुड़ी समस्या के चलते गैस्ट्रो विभाग में भर्ती हुई हैं। सर गंगा राम अस्पताल का कहना है कि अभी वे निगरानी में हैं। करीब एक सप्ताह पहले शिमला प्रवास पर गईं सोनिया गांधी वहां भी अचानक इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) पहुंची थीं। डॉक्टरों ने उनका रूटीन चेकअप किया था। एहतियातन उनके कुछ टेस्ट करवाए गए, जो सही पाए गए थे। करीब एक घंटे बाद सोनिया वापस छराबड़ा स्थित बेटी प्रियंका गांधी के घर लौट गई थीं। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल राव ने बताया था कि सोनिया गांधी नियमित जांच के लिए अस्पताल आईं और जांच के बाद लौट गईं। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल और मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना समेत अन्य कई अधिकारी अस्पताल पहुंचे थे।

**गैस्ट्रो के डॉक्टर कर रहे निगरानी**

### ट्रंप ने एक तीर से साधे दो निशाने

# 'शांति के लिए बहुत कुछ करता हूं, लेकिन उसका श्रेय मुझे नहीं मिलता'

**नई दिल्ली।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह इजरायल और ईरान के बीच उसी तरह का समझौता कराने की कोशिश कर रहे हैं जैसा समझौता उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच मई में सैन्य टकराव के दौरान कराया था। ट्रूथ सोशल पर पोस्ट अपने मैसेज में ट्रंप ने बताया है कि इजरायल और ईरान के बीच समझौता कराने के सिलसिले में फोन पर बहुत सारी बातें और बैठकें हो रही हैं। ट्रंप ने पूर्ववर्ती राष्ट्रपति जो बाइडन पर प्रहार करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में कई मूर्खतापूर्ण निर्णयों के कारण स्थिति बिगड़ी है, उन्हें भी पटरी पर लाने की कोशिश कर रहे हैं। उम्मीद है कि इजरायल और ईरान में जल्द शांति कायम होगी। ट्रंप ने कहा कि शांति के लिए बहुत कुछ करता हूं लेकिन उसका श्रेय मुझे नहीं मिलता है। ठीक है, आम लोग समझते हैं। मध्य-पूर्व (पश्चिम एशिया) को फिर से महान



**'जल्द होगा इजरायल-ईरान में समझौता'**

ट्रंप ने कहा कि ईरान और इजरायल जल्द हमले रोकने का समझौता कर सकते हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में कई उन टकरावों का भी जिक्र किया जिन्हें उन्होंने खत्म कराने का दावा किया है। ये टकराव राष्ट्रपति के तौर पर उनके पूर्व के कार्यकाल के दौरान हुए थे।

बनाऊंगा। विदित हो कि भारत ने पाकिस्तान के साथ हुए संघर्षविराम समझौते को द्विपक्षीय आधार पर हुआ बताया था और ट्रंप की भागीदारी के दावे को खारिज कर दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि इजरायल और ईरान का टकराव आसानी से खत्म हो सकता है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी यही चाहते हैं।

# फादर्स-डे के दिन भावुक हो गए विराट कोहली

**नई दिल्ली।**

भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली फादर्स-डे के दिन भावुक हो गए। उन्होंने इस मौके पर अपने पिता के नाम इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट लिखा है और बताया है कि उनके पिता की किस सीख ने उनको जीवन में आगे बढ़ने में मदद की।

विराट के पिता प्रेम नाथ कोहली का निधन साल 2006 में हो गया था। तब कोहली एक रणजी ट्रॉफी मैच खेल रहे थे। 54 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया था। उनके निधन के बाद विराट ने करियर में आगे बढ़ने की ठानी और अपने पिता के सपने को पूरा करते हुए दुनिया के महानतम बल्लेबाजों में शामिल हुए। कोहली ने इस पोस्ट में लिखा कि उनके पिता ने उन्हें कड़ी मेहनत करना सिखाया और बताया कि जीवन में सफल होने के लिए शॉर्ट कट नहीं लेने चाहिए। उन्होंने लिखा, ₹उन्होंने मुझे सिखाया कि कभी भी शॉर्ट कट पर निर्भर नहीं रहो और न ही उनसे प्रभावित हो क्योंकि अगर आपने सच्चे दिल से मेहनत की है तो उसका परिणाम होगा। अगर आपके अंदर इच्छाशक्ति नहीं है कि तो हो सकता है कि आप उसके हकदार भी नहीं हैं।




# ईरान-इजरायल संघर्ष में निर्णायक भूमिका निभा रहे ड्रोन

**वाशिंगटन।**

पहले रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष के दौरान, और अब इजरायल और ईरान के बीच लड़ाई में भी ड्रोन की प्रभावी भूमिका स्पष्ट रूप से नजर आ रही है। आकार में छोटा, रडार की पकड़ से दूर और शक्तिशाली हमले करने में सक्षम - ये हमलावर ड्रोन आधुनिक युद्ध में एक बेहद प्रभावी हथियार बन गए हैं।

जब दुश्मन के इलाके के बहुत अंदर से ये लांच किए जाते हैं, जैसा कि इस महीने ईरान और रूस में हुआ, तो उनका प्रभाव और भी विनाशकारी होता है। दुश्मन के इलाके के अंदर से हमला करने वाले ड्रोन को रोकना एक सरप्राइज फैक्टर होता है क्योंकि इसमें आधुनिक तकनीक के साथ-साथ एक कुशल सैन्य रणनीति भी शामिल होती है। अधिकारियों और हथियार विशेषज्ञों का कहना है कि जासूसी और गुप्त ऑपरेशन लंबे समय से युद्ध का हिस्सा रहे हैं। लेकिन, दुश्मन को हैरत में डालने एवं उनके दांत खट्टे करने के लिए घातक ड्रोन बनाना या तैनात करना युद्ध की निरंतर विकसित होती एक नई रणनीति का ही हिस्सा है। ऐसा ही मामला दो सप्ताह पहले भी सामने आया था जब 40 से अधिक रूसी युद्धक विमानों को 117 ड्रोनों के झुंड ने निशाना बनाया था। उन्हें यूक्रेन ने महीनों पहले रूस के सैन्य ठिकानों के पास गुप्त रूप से लगाया था। इनमें से कुछ यूक्रेन से हजारों मील दूर थे। ईरान में भी यही हुआ था।

**नई रणनीति से बदल जाएगा युद्ध का तरीका**



## संपादक की कलम से

# परमाणु के खिलाफ युद्ध

इजरायल–ईरान युद्ध की परिणति क्या होगी? क्या यह महायुद्ध या विश्व युद्ध में तबदील होगा? कौन गलत है और कौन सही है? इन सवालों के जवाब फिलहाल नहीं दिए जा सकते। इजरायल के सामने अस्तित्व का संकट है। ईरान 1950 से परमाणु कार्यक्रम में जुटा है। कभी अमरीका उसके परमाणु कार्यक्रम में शामिल था। अमरीका समेत सभी प्रमुख पश्चिमी देशों के साथ ईरान के परमाणु करार थे, लेकिन तमाम करार रद्द करने पड़े, क्योंकि ईरान चोरी–छिपे यूरेनियम से बिजली नहीं, परमाणु बम बना रहा था। यह मिथ्या आरोप नहीं है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने धमकी दी है कि ईरान अभी नहीं माना, तो आगे बुरा होगा। उसे बर्बाद कर दिया जाएगा। ईरान अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी को चेतावनी दे रहा है। बहरहाल अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की हालिया बैठक में 19 देशों ने ईरान की परमाणु नीति के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया है। मई, 2025 में आईएईए की एक रपट में खुलासा किया गया है कि पांच माह में ईरान 22 परमाणु बम बनाने की क्षमता हासिल कर लेगा। उसने करीब 60 फीसदी यूरेनियम संवर्धन का काम कर लिया है। ईरान परमाणु कार्यक्रम संबंधी



ललित शर्मा
संपादक

अंतरराष्ट्रीय कायदे–कानूनों का हनन कर रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू समेत कई विश्व नेताओं की जानकारी है कि ईरान 9–10 परमाणु बम बना चुका है। ईरानी बम न केवल इजरायल के लिए भयानक खतरा है, बल्कि अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी सरीखे देशों के जहाज फारस की खाड़ी और लाल सागर में नष्ट कर सकता है। ईरानी परमाणु बम बनाए जाने से मध्य–पूर्व और पश्चिम एशिया के हालात भी अस्थिर, अशांत हो सकते हैं, लिहाजा इजरायल ने ईरान पर जो विध्वंसक हमले किए हैं, वे ईरान के परमाणु ठिकानों और कार्यक्रमों को मिट्टी बनाने के मद्देनजर किए हैं। इजरायल ने करीब 200 लड़ाकू विमानों से ईरान के विभिन्न इलाकों में हमले किए। ईरान के सेना प्रमुख, रिवोल्यूशनरी गाड्र्स के चीफ समेत 20 प्रमुख सैन्य जनरलों और 9 वरिष्ठ वैज्ञानिकों को मार दिया गया। उनमें 3 ऐसे परमाणु वैज्ञानिक थे, जो ईरान का परमाणु कार्यक्रम संचालित करने में विशेष योगदान दे रहे थे। ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों, मिसाइल लॉन्चर, नेचुरल गैस रिफाइनरी आदि को तबाह कर दिया गया। इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद को एक बार फिर शाबाश देनी पड़ेगी कि उसने यह ऑपरेशन करीब एक साल पहले तय किया था और करीब 2000 किमी. बसे देश ईरान के भीतर ही अपने बेस बना लिए थे। वहीं से ड्रोन हमले कर ईरान की वायु रक्षा प्रणालियों के परखच्चे उड़ा दिए थे। मोसाद के करीब 1000 एजेंट्स ईरान में ही सक्रिय हैं। यही कारण है कि इजरायल के हमले सटीक निशाने पर लगे। बहरहाल ईरान ने भी 150 मिसाइलों की बारिश कर जवाबी कार्रवाई की है। ईरान के पास ऐसी मिसाइलों का भंडार है, जो 2000 किमी. की दूरी पर मार करने में सक्षम हैं, लेकिन इजरायल के सुरक्षा–कवच भी अभेद्य हैं। अब हमले दोतरफा हो गए हैं। हमलों में अभी तक 141 लोग मारे जा चुके हैं। इजरायल में तो मात्र 3–4 मौतें ही हुई हैं, शेष मौतें ईरान के हिस्से की हैं। इमारतें जमींदोज हो रही हैं। ईरान ने आपातकाल घोषित कर दिया है, तो इजरायल में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। अमरीका ने अपने सैनिकों के परिवारों को वापस बुलाने का आदेश दिया है। भारतीय दूतावास ने भी परामर्श जारी किए हैं, लेकिन एक ही हमले से ईरान का परमाणु कार्यक्रम छिन्न–भिन्न हो जाएगा अथवा तबाह हो चुका है, यह संभव नहीं है। ईरान यूरेनियम खदानों और भंडारण का देश है। पहाड़ों के नीचे परमाणु प्रयोग किए जा रहे हैं।

# नतीज-ए-जिहाद : जैसा इराक में देखा



तनवीर जाफरी



इराक के बगदाद,नजफ ,बेबीलोन,करबला, मौसूल व सामरा जैसे कई ऐतिहासिक शहरों का भ्रमण करने का पिछले दिनों सौभाग्य प्राप्त हुआ। यही वह इराक था जहाँ आई एस आई एस जैसे दुर्दांत आतंकी संगठन ने लाखों शियाओं ,यजीदी व ईसाई समुदाय के लोगों तथा उनकी विचारधारा का समर्थन नहीं करने वाले स्थानीय उदारवादी सुन्नियों को निशाना बनाया और बेरहमी से हत्याएं कीं। हाथों में काले रंग का इस्लामी कलमा लिखा झंडा लेकर इन्हीं राक्षसों ने यजीदी और अन्य समुदायों की महिलाओं और बच्चों का अपहरण किया उनसे यौन दासता कराई और जबरन सैन्य भर्ती के लिए उन्हें अपना निशाना बनाया। 2014 से 2019-20 के मध्य का यह वही दौर था जबकि आई एस आई एस द्वारा अपहृत लोगों को एक लाइन से खड़ा कर गोली मारने या तलवार से उनके सिर कलम करने जैसी भयावह वीडिओ दुनिया को भयभीत करने के लिये सार्वजनिक की जाती थी और इस्लाम को क्रूरता के पर्याय के रूप में साजिशन पेश किया जाता था। आई एस आई एस अर्थात इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया का मकसद इराक और सीरिया में सख़्त शरिया कानूनों पर आधारित एक इस्लामिक खलीफा स्थापित करना था। इराकी आतंकवादी अबू बक्र अल-बगदादी इस्लामिक स्टेट (आईएस) का संस्थापक नेता था। उसने 2014 में स्वयं को खलीफा घोषित किया था। इसका लक्ष्य इराक और सीरिया में बड़े क्षेत्रों पर कब्जा कर वहां अपनी कट्टरपंथी विचारधारा के आधार पर शासन स्थापित करना था। उस दौरान आई एस आई एस ने उन समुदायों को निशाना बनाया, जिन्हें वे ₹काफिर₹ या ₹अपवित्र₹ मानते थे। उन्होंने इसका उद्देश्य क्षेत्र को ₹शुद्ध₹ करना बताया था, जिसमें शिया मुसलमानों, यजीदी, ईसाई, और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाना शामिल था। दरअसल आई एस आई एस ने अल-कायदा से अलग होकर वैश्विक जिहादी आंदोलन में नेतृत्व हासिल करने की कोशिश की थी । उसने विदेशी लड़ाकों को भर्ती किया और अपनी विचारधारा को फैलाने के लिए प्रचार तंत्र का उपयोग किया। आई एस ने इराक और सीरिया में उस समय के सांप्रदायिक तनावों और तत्कालीन कमजोर शासन का फायदा उठाया, विशेष रूप से अल्पसंख्यक सुन्नी समुदाय की उन शिकायतों व समस्याओं को भुनाया जो शिया-प्रधान सरकारों से नाखुश थे। आई एस की क्रूरता से भरे उस दौर में आने वाले वीडिओज पूरे विश्व में इस्लाम की छवि को धूमिल कर रहे थे। और सशस्त्र आई एस बगदाद पर लगभग पूर्ण नियंत्रण हासिल कर चुकने के बाद सामरा व मोसूल जैसे ऐतिहासिक व पवित्र शहरों पर कब्जा जमाते हुये भारी बमबारी व हत्याएं करते हुये करबला और नजफ पर अपनी गिद्ध दृष्टि गड़ा चुका था। इसी बीच शिया इस्लाम के प्रमुख धार्मिक विद्वानों में से एक आयतुल्लाह अली अल-सीस्तानी, जोकि उस समय इराक के नजफ में ही रहते थे, ने 2014 में आई एस के विरुद्ध 'जिहाद' शुरू करने का फतवा जारी कर दिया। इस फतवे में आयतुल्लाह सीस्तानी ने सभी इराकी नागरिकों, विशेष रूप से शिया समुदाय, से आई एस के विरुद्ध हथियार उठाने और देश की रक्षा करने का आह्वान किया। आयतुल्लाह ने सुन्नी समुदाय को भी इस लड़ाई में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इसे ₹वाजिब किफायी₹ (सामूहिक कर्तव्य) जिहाद के रूप में वर्णित किया। जिसका अर्थ था कि यह हर सक्षम व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह देश और धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए तब तक लड़े, जब तक कि पर्याप्त संख्या में लोग इस कर्तव्य को पूरा न करें। आयतुल्लाह सीस्तानी ने अपने फतवे में कहा कि आई एस के विरुद्ध लड़ना न केवल धार्मिक कर्तव्य है, बल्कि इराक की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी यह नितांत आवश्यक है। उन्होंने जिहादी स्वयंसेवकों से इराकी सुरक्षा बलों में शामिल होने और आतंकवादियों के खिलाफ लड़ने का आग्रह किया। आई एस के विरुद्ध जिहाद के इस फतवे के परिणामस्वरूप लाखों इराकी , विशेष रूप से शिया युवा स्वयंसेवक के रूप में सामने आए और पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज पी एम एफ या हशद अल-शाबी का गठन हुआ। पी एम एफ ने इराकी सेना के साथ मिलकर आई एस के विरुद्ध तिकरित, फलूजा, और मोसुल की मुक्ति कराने जैसी कई महत्वपूर्ण लड़ाइयों में हिस्सा लिया। आयतुल्लाह सीस्तानी ने पी एम एफ और अन्य लड़ाकों को यह निर्देश दिया कि वे युद्ध के दौरान क्रूरता या बदले की भावना से काम न करें, बल्कि इस्लामी नैतिकता और कानून का पालन करें। आयतुल्लाह सीस्तानी का जिहाद का आह्वान रक्षात्मक प्रकृति का था। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह जिहाद आक्रामक नहीं, बल्कि आत्मरक्षा और धार्मिक स्थलों, जैसे नजफ और करबला में पवित्र रौजों की रक्षा के लिए था। उन्होंने यह भी जोर दिया कि लड़ाई में शामिल लोगों को मानवाधिकारों और युद्ध के इस्लामी नैतिक नियमों का पालन करना चाहिए। जैसे कि किसी गैर-लड़ाकों को नुकसान न पहुंचाया जाये। इस दौरान सीस्तानी ने अपने संदेशों में बार-बार शिया-सुन्नी एकता पर बल दिया और कहा कि आई एस न केवल शिया समुदाय, बल्कि सभी इराकियों और मानवता व इस्लाम के लिए खतरा है। आई एस ने 2014-15 में इराक और सीरिया में अपने कब्जे वाले क्षेत्रों में यजीदी, ईसाई, और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की हजारों महिलाओं और लड़कियों को भी अगवा किया था। खासकर अगस्त 2014 में सिंजार पर हमले के दौरान लगभग 7,000 यजीदी महिलाओं और लड़कियों को बंधक बनाया गया था।

इनमें से कई को ₹सेक्स स्लेवर₹ के रूप में बेचा गया अनेक को सामूहिक बलात्कार का शिकार बनाया गया व क्रूर यातनाएं दी गईं। इस दौरान पी एम एफ द्वारा कई यजीदी और अन्य समुदायों की महिलाओं को आई एस की कैद से छुड़ाया गया।

# न खर्ची न पर्ची,पूरी पारदर्शिता के साथ बिना रिश्वत व सिफारिश से हुई भर्ती मॉडल को सभी राज्यों ने अपनाना समय की मांग



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर भ्रष्टाचार रूपी महामारी का डंक पूरी दुनियाँ का हर देश झेल रहा है जिसके उपाय रूपी वैक्सीन का आविष्कार शायद अभी किसी देश ने नहीं किया है,परंतु उपायों पर काम जरूर चल रहा है,अगर मन में संकल्प हो,व दिल मेंजज्बा लेकर भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकना है तो, मेरा मानना है कि डंके की चोट पर सरकारी नौकरियों में न खर्ची न पर्ची, पारदर्शिता के साथ बिना रिश्वत व सिफारिश के साथ भारती करना होगा जिसमें पीएम से लेकर सीएम तक व गृहमंत्री से लेकर अंतिम स्टेज के कर्मचारियों को पूर्ण सहयोग करना होगा। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि रविवार 15 जून 2025 को मैं देर शाम से टीवी चैनलों इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया से लगातार टच में रहकर यूपी के लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान स्थल पर बड़े पैमाने पर चल रहे 60244 अभ्यर्थियों के जॉइनिंग लेटर सौंपने का समारोह चल रहा था जिसपर मीडिया के माध्यम से मेरी पूरी नजर लगी हुई थी, उसमें माननीय केंद्रीय गृहमंत्री ने दिल को छू लेने वालीबात कही कि यहां 60244 अभ्यर्थी बैठे हैं, हिम्मत से कह रहा हूं कि किसी को भी एक रूपए रिश्वत नहीं देनी पड़ी,बस! यही बात और यही मॉडल मैं एडवोकेशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र, चाहता हूं कि पूरे देश के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में लागू किया जाए जो, माननीय पीएम और गृहमंत्री ही कर सकते हैं,सेल्यूट सर।चूँकि आज देश के सामने इतनी बढ़ी भर्ती व पारदर्शिता की गारंटी वाली मिसाल कायम हुई है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे न खर्ची न पर्ची पारदर्शिता के साथ बिना रिश्वत व सिफारिश से हुई भर्ती मॉडल को सभी राज्यों ने अपनाना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान पर 15 जून 2025 को चल रहे नौकरी जॉइनिंग लेटर सौंपने का समारोह की करें तो,यूपी में 60,244 चयनित सिपाहियों को जॉइनिंग लेटर दिए गए। इनमें से 15 को




केंद्रीय गृहमंत्री और सीएम ने लेटर बांटे। बाकियों को समारोह स्थल पर दिए गए। यूपी में पहली बार ऐसा हुआ, जब इतने बड़े पैमाने पर जॉइनिंग लेटर बांटे गए।चयनित सिपाहियों को 1,300 बसों से लखनऊ लाया गया।गृहमंत्री ने लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान में कहा- यूपी सरकार में अब गुंडों का फरमान नहीं चलता। इस काम को आप सभी 60 हजार युवाओं को और आगे बढ़ाना है। अगले पांच सालों में ऐसी व्यवस्था हो जाएगी कि किसी भी एफआई आर के बाद तीन साल के भीतर उसपर सुप्रीम कोर्ट तक फैसला हो जाएगा। उन्होंने कहा- पहले 11 राज्यों में नक्सलवाद हुआ करता था। पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ लगातार कार्रवाइयां कीं। मेरी बात याद रखना, 31 मार्च, 2026 तक भारत नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा।आगे बोले- बिना पर्ची, बिना खर्ची के हुई ये भर्ती रेखांकित करने योग्य है पिछली सरकारों में कई सारी भर्तियां भी हुई,परंतु मेरे सामने 60,244 अभ्यर्थी बैठे हैं। मैं उनके सामने हिम्मत के साथ कह रहा हूं कि किसी को एक रुपए की रिश्वत किसी को देनी नहीं पड़ी है। भर्ती पारदर्शिता के साथ हुई है। न खर्ची, न पर्ची, सिफारिश से भी नहीं, जाति के आधार पर भी नहीं, और भ्रष्टाचार से भी नहीं। योग्यता के आधार पर 48 लाख आवेदन में से आपका चयन आपकी योग्यता के आधार पर हुआ है।सिपाही भर्ती में 12 हजार से अधिक बच्चियां हैं, जिनके चेहरे की मुस्कान और तेज देखकर काफी सुकून मिला है। गृहमंत्री ने कहा कि 60,244 युवाओं के लिए आज का दिन शुभ है।चयनित सिपाही बोले- एक भी रुपया घूस नहीं लगा। सीएम ने कहा- याद रखना ट्रेनिंग में जितना पसीना बहेगा, खून उतना कम बहेगा। गरीब से गरीब परिवार का बेटा सिपाही बना है। 8 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने यूपी के युवाओं को साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गईं, चाहे दलित हों, पिछड़े, महिला या पुरुष सबको बिना किसी भेदभाव के भर्ती का अवसर मिला है। उन्होंने अच्छी पुलिस साबित होने का संदेश दिया है। साथियों बात अगर हम 60244 अभ्यर्थियों के सिलेक्शन की पूरी प्रक्रिया की करें तो,48 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। इस परीक्षा में 150 सवाल पूछे गए थे। हर सवाल के 2 नंबर तय थे, यानें कुल 300 नंबरों की परीक्षा हुई थी। माइनस मार्किंग भी थी,हर गलत सवाल पर 0.25 नंबर काटे गए।सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए लिखित परीक्षा के बाद 1,74,316 अभ्यर्थियों को फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया गया था। 10 से 27 फरवरी 2025 के बीचफिजिकल टेस्ट कराया गया,इसके बाद नॉर्मलाइज्ड स्कोर और आरक्षण नियमों के आधार पर फाइनल मेरिट लिस्ट तैयार की गई। तीन महीने पहले, यानी 13 मार्च को फाइनल रिजल्ट घोषित किया गया था।12,048 महिलाओं और 48,196 पुरुषों ने परीक्षा पास की थी। जिसके आधार पर अंतिम रिजल्ट निकला।

## उदय किशोर साह



## मेरे पापा मेरे जीवन का आधार

कविता

मेरे पूज्य पिता मेरे जीवन का आधार
खुद कष्ट सह कर सजाया मेरा संसार
मेरे रोम रोम पे है मेरे पापा का उधार
जिसने दिया है हमें खुशियाँ व प्यार

मेरे जीवन रूपी बगिया की बागवान
मेरे लिये मेरे पापा हैं मेरा भगवान
जीवन में दी है उन्होंने हमें पहला ज्ञान
उनके चरणों में मेरा सहस्त्र प्रणाम

धूप बरसात में खुद मिहनत को अपनाया
मेरे लिये कपड़ा खिलौना खरीद लाया
जीवन भर हम पे अपनी खुशियाँ बरसाया
खुद गम सह कर हमें जीवन हँसाया

फटा पुराना पापा का था हर दिन पौषाक
दशहरा में नया कपड़ा देते थे। आप
मेरे बीमारी में कराते थे प्रभु का जाप
जीवन का सहारा बने बार बार आप

मेरे जीवन का संबल मेरे पापा आधार
उनके कर्म से पाया सफलता का सार
ज्ञान की दौलत दी हमें पापा ने अपार
मेरे जीवन को कर दी जग में साकार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# हत्या के एक दोष पर दो उम्रकैद: न्याय की सीमा या उसका उल्लंघन?



डॉ. सत्यवान सौरभ

- सुप्रीम कोर्ट के द्वार पर खड़ा न्याय का गूढ़ सवाल
- दंड और संविधान की टकराहट : दोहरी उम्रकैद पर बहस
- जब सजा जीवन से लंबी हो जाए : क्या यही न्याय है?

भारतीय न्याय व्यवस्था के दरवाजे पर एक संवेदनशील और जटिल प्रश्न खड़ा है—क्या किसी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए दो बार उम्रकैद की सजा दी जा सकती है? यह प्रश्न अब सुप्रीम कोर्ट के विचाराधीन है और देशभर में न्याय, संविधान और दंड व्यवस्था को लेकर नई बहस का विषय बन गया है। हरियाणा के ठा सुकेश नामक व्यक्ति को अपनी पत्नी की हत्या के मामले में दो अलग-अलग धाराओं में उम्रकैद की सजा दी गई थी। दोनों सजाएँ लगातार चलने के आदेश के साथ दी गईं, यानी पहले एक उम्रकैद पूरी होगी, फिर दूसरी शुरू होगी। यह वही स्थिति है जैसे किसी व्यक्ति को दो जीवनकाल की सजा दे दी गई हो। भारत का संविधान यह स्पष्ट कहता है कि किसी भी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए दो बार मुकदमा चलाकर सजा नहीं दी जा सकती। अनुच्छेद 20(2) में उल्लेखित 'डबल जियोपर्डी' का सिद्धांत इसी विचार पर आधारित है कि न्यायिक प्रक्रिया केवल दंड देने के लिए नहीं, बल्कि न्याय को संतुलन और विवेक के साथ लागू करने के लिए है। लेकिन यदि किसी एक घटना से जुड़े दो अलग-अलग अपराधों के तहत मुकदमा चले और दोनों में दोष सिद्ध हो, तो क्या दो बार सजा दी जा सकती है? यही इस पूरे मामले का केंद्रीय प्रश्न है। ठा सुकेश पर आरोप है कि उसने अपनी पत्नी की हत्या की। इस घटना से उत्पन्न दो मुकदमे—एक भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और दूसरा संभवतः धारा 498अ (घरेलू हिंसा) या 304इ (दहेज मृत्यु)—दायर किए गए। दोनों मामलों में सजा उम्रकैद की हुई और उन्हें लगातार चलाने का निर्देश दिया गया। यहाँ कानूनी पेचीदगी यह है कि अगर हत्या और घरेलू हिंसा की घटनाएँ एक ही समय और परिस्थिति की उपज हैं, तो क्या उन्हें दो अलग-अलग अपराध माना जा सकता है? सुप्रीम कोर्ट के सामने यह प्रश्न केवल तकनीकी नहीं, बल्कि नैतिक और संवैधानिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। न्याय का उद्देश्य किसी को दोहरा दंड देना नहीं है, बल्कि उस अपराध की प्रकृति और उसकी सामाजिक क्षति के अनुरूप न्यायसंगत सजा देना है। लगातार दो उम्रकैद देना ऐसा प्रतीत होता है जैसे किसी व्यक्ति को उसकी आयु से अधिक सजा दी जा रही हो—एक प्रकार का अतिन्याय, जो अन्याय में बदल सकता है। पूर्व में भी सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे मामलों पर विचार किया है। मुथुरामलिंगम बनाम तमिलनाडु राज्य (2016) के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा था कि एक से अधिक उम्रकैद की सजाएँ साथ-साथ चलनी चाहिए, जब तक कि किसी विशेष परिस्थिति में अलग-अलग चलाना अनिवार्य न हो। वहीं, स्वामी श्रद्धानंद मामले में न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया था कि यदि फाँसी नहीं दी जाती, तो सजा की अवधि को बढ़ाया जा सकता है, लेकिन यह फैसला भी न्यायिक विवेक और अपवाद के आधार पर लिया गया था, न कि नियम के तहत। यदि ठा सुकेश को एक ही अपराध में दो बार उम्रकैद दी जाती है, तो यह एक खतरनाक परंपरा की नींव हो सकती है। यह न्यायिक प्रणाली के उस मूल विचार से भटकाव होगा, जहाँ दंड प्रणाली सुधारात्मक होनी चाहिए, न कि दमनकारी। साथ ही, यह भी देखना होगा कि क्या ऐसे फैसले संविधान के मूल ढांचे और व्यक्तिगत अधिकारों के अनुरूप हैं या नहीं। भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र में जहाँ जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार को सर्वोच्च स्थान दिया गया है, वहाँ इस प्रकार की सजाएँ मानवीय दृष्टिकोण से भी असहज प्रतीत होती हैं। कोई भी सजा, चाहे वह कितनी भी सख्त क्यों न हो, तब तक न्यायसंगत नहीं कही जा सकती जब तक उसमें विवेक, मानवीयता और संविधान की भावना न हो। इस निर्णय का असर केवल एक व्यक्ति पर नहीं पड़ेगा, बल्कि यह भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और संविधान की व्याख्या को भी नए सिरे से परिभाषित करेगा। यदि सुप्रीम कोर्ट इस फैसले को वैध ठहराता है, तो भविष्य में अनेक मामलों में दोहरी उम्रकैद देने की संभावनाएँ खुल सकती हैं।

# जिलाधिकारी ने योग संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए उनका आह्वान किया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर**- जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज पूर्वाह्न 6:00 बजे इंदिरा बल भवन बिजनौर में अंतर्राष्ट्रीय दिवस का उद्घाटन समारोह ₹एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य₹ के लिए योग थीम के अंतर्गत किया गया। 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्घाटन समारोह एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के अन्तर्गत इन्दिरा बाल भवन, बिजनौर में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक सम्पन्न हुआ जिसमें जिलाधिकारी महोदया बिजनौर मुख्य अतिथि के रूप में रही। कार्यक्रम की शुरूआत जिलाधिकारी/मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई तथा इस अवसर पर मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने सभी योग संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए उनका आह्वान किया कि समाज में योग के प्रति जागरूकता पैदा करें और आज के युग में योग के महत्व एवं उसकी प्रासंगिकता के बारे में विस्तार से आमजन को जागरूक करें ताकि सभी लोग योग को अपने जीवन में शामिल कर आध्यात्मिक एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

योगाभ्यास कार्यक्रम के उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ थीम के अन्तर्गत वृक्षारोपण भी किया गया।कार्यक्रम में प्रशान्त महर्षि व तिलक राम ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी को योग प्रोटोकॉल के अन्तर्गत योगाभ्यास कराया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा० राकेश कुमार, वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा० बी०एन० द्विवेदी, डा० विमल कुमार, डा० जाहिद तथा समस्त आयुष विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ-साथ सभी सहयोगी योग संस्थाओं ने प्रतिभाग किया।

# खुशनुमा मौसम के साथ ही हुआ योग सप्ताह का शुभारंभ



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर**। 21 जून को होने जा रहे 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। पुलिस लाइन मैदान में आर आई महेंद्र सिंह ने कार्यक्रम का फीता काटा इसके बाद महर्षि पतंजलि के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए व दीप जलाकर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग कार्यक्रम के तहत प्रोटोकाल अभ्यास कराया गया। मास्टर योगा ट्रेनर प्रतीक्षा सक्सेना, योग प्रशिक्षक राजीव कुमार व प्रशिक्षिका अर्चना गुप्ता द्वारा योगाभ्यास कराया गया। प्रात छ बजे योगा प्रारंभ होने के साथ ही आसमान में काले घने बादल घिर आए, ठंडी हवांए चलने लगी।पुलिस कर्मियों व चिकित्सकों ने खुशनुमा मौसम के बीच योगाभ्यास का आनंद लिया।क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डाक्टर हरिओम ने अपनी जीवन शैली में सुधार व खानपान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान होम्योपैथिक अधिकारी डाक्टर बीएल श्रीवास्तव, डाक्टर रमेश गुप्ता, डाक्टर चंचल, डाक्टर रविंद्र कुमार, मनोचिकित्सक कुलदीप सिंह चौहान, डाक्टर अफसाना, डाक्टर लीना, वरिष्ठ लिपिक आशीष शर्मा, संजय कश्यप, नाजिम अली एवं डीपीएम प्रेम कुमार उपस्थित रहे।

# बीएसपी के सिनियर कार्य कर्ता इसरा नबी से मुलाकात



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर** : बहुजन समाज पार्टी के सीनियर व मिशनरी कार्य कर्ता इसरार नबी से मुलाकात करने पहुंचा बीएसपी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल। इस मौके पर पुर्व सांसद गरीशचनद, जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ पिनटू, विधान सभा अध्यक्ष बलवंत सिंह, विधान सभा प्रभारी काके सिंह रवि, विधान सभा प्रभारी परम सिंह प्रधान, जिला सचिव डॉ मोहम्मद शमशाद, नूरपुर नगर अध्यक्ष हकीम असरारूलहक, सेक्टर अध्यक्ष सुमित कुमार, मुसतकीम अहमद, सिराजुद्दीन उर्फ बब्बू आदि शामिल रहे। सभी ने उनके स्वास्थ्य की कामना की।

# हाउस टैक्स वॉटर टैक्स बढ़ने की वजह से लोग आत्महत्या पर आमादा हैं:संदीप अग्रवाल सोनी

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर**। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी पर एक बैठक आयोजित हुई जिसमें व्यापारियों व पदाधिकारीयो ने नगर पालिका के खिलाफ जोरदार नारे लगाए इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि हाउस टैक्स और वॉटर टैक्स बढ़ने से रामपुर की जनता और नागरिक व व्यापारी अत्यधिक परेशान है हाउस टैक्स वॉटर टैक्स बढ़ने की वजह से लोग आत्महत्या पर आमादा हैं जिसकी वजह से रामपुर की जनता में त्राहि त्राहि मची हुई है इन वढी दरों को कम कराया जाना अति आवश्यक है वर्तमान में नगर पालिका परिषद रामपुर में ?30000 प्रति मकान व 40000 रुपए प्रति मकान के नोटिस नगर पालिका परिषद द्वारा मासूम जनता व व्यापारियो को दिए जा रहे हैं इस संबंध में नगर पालिका परिषद में बहुत जल्दी एक ज्ञापन दिया जाएगा इस संबंध में मोहल्ले मोहल्ले व बाजरो बाजरो में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा इस पर भी नगर पालिका परिषद अपनी हरकतों से बाज नहीं आती है व हाउस टैक्स व वाटर टैक्स कम नहीं करती है तो आवश्यकता पड़ने पर नगर विकास मंत्री एके शर्मा जी को भी ज्ञापन देकर अवगत कराया जाएगा इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा ,युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ,नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन, युवा नगर अध्यक्ष पुलकित अग्रवाल, प्रदेश मंत्री पप्पू खान, मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक,नगर अध्यक्ष लघु प्रकोष्ठ दिलशाद अहमद,अनिल यादव जिला सचिव ,अलीम,खान ,फहीम अहमद, मोहम्मद रफी, सईद खुसरो, जमीर अहमद, मुमताज अहमद ,राजेंद्र सैनी ,जयपाल सैनी, हरिओम सैनी ,फहद खान, सैकड़ो पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पालिका सफाई कर्मचारियों और पुलिस व राजस्व प्रशासन द्वारा रेस्क्यू चलाने के बाद 9 वर्षीय बच्ची मृत अवस्था में हुई बरामद

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर किरतपुर सुबह भारी बारिश के तेज बहाव में 9वर्षीय बच्ची डूब गई थी जो नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान व पालिका कर्मचारी और पुलिस उप अधीक्षक, था ना प्रभारी किरतपुर और नजीबाबाद तहसील प्रशासन मे तहसीलदार नायब तहसीलदार,कानून गो,के रेस्क्यू चलाने पर आज शाम 6:45 के वक्त नाले से मृत अवस्था से बच्ची बरामद हुई,बच्ची को देखने के लिए लोगों की भीड़ मंडावर किरत पुर रोड पर इकट्ठी हो गई जिससे रोड पूरी तरह से जाम हो गया, लोगों की भीड़ द्वारा मृत बच्ची को मोहल्ला राधगान उसके आवास पर परिजनो ने उसके घर पहुंचाया ,जहां पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान द्वारा मृत बच्ची के चिकित्सा परीक्षण हेतू एंबुलेंस बुलाई गई फिलहाल बच्ची के बरामद होने से स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।


# जिलाधिकारी द्वारा डायलिसिस प्रकरण की जांच में दोषी पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर**।जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा गत दिवस जिला अस्पताल के डायलिसिस सेंटर में होने वाली मौत को गंभीरता से लेते हुए उपलब्ध जांच संस्था ए२ह्यँ रंल्ल्नीी५ंल्ल्र ढ१५ंॅ३ी छ्रे३ीॅ प्रधानमंत्री जी की निःशुल्क डायलिसिस योजना के अन्तर्गत निर्धारित सेवा अनुबन्ध में दी गयी शर्तों का घोर उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है, जिसके लिए संस्था ए२ह्यँ रंल्ल्नीी५ंल्ल्र ढ१५ंॅ३ी छ्रे३ीॅ को ब्लैक लिस्ट करने एवं संस्था के प्रबन्धक के विरूद्ध एफ०आई०आर० कराने तथा नोडल चिकित्सीय अधिकारी (डायलिसिस सेंटर) डा० प्रेमप्रकाश ई०एम०ओ० व डा० विक्की मेडीकल कालेज, डा० मनोज सेन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (पुरुष), बिजनौर व डा० उर्मिला कार्या, प्रधानाचार्या, महात्मा विदुर स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, बिजनौर के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की संस्तुति की गई है।

# भारतीय किसान यूनियन (भानु) के उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाए गए गुलफाम राजा



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर**। पावन नगरी हरिद्वार के वीआईपी घाट पर आयोजित भारतीय किसान यूनियन (भानु) के चिंतन शिविर में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप के कर-कमलों द्वारा नगर के वरिष्ठ पत्रकार गुलफाम राजा को उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद की ज़िम्मेदारी सौंपी गई। यह खबर सुनकर गुलफाम राजा के समर्थकों में खुशी की लहर दोड गई और बधाई देने वालों का तांता लग गया। संगठन द्वारा सम्मानित करने के बाद गुलफाम राजा ने कहा कि इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए मैं संगठन के शीर्ष नेतृत्व, अपने वरिष्ठ पदाधिकारियों, समस्त शुभचिंतकों और साथी कार्यकताओं का हृदय की गहराइयों से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता हूं। आप सभी ने जो विश्वास मुझ पर व्यक्त किया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करूंगा। उन्होने कहा कि वह पूर्व की भांति अब आगे भी किसानों और मजदूरों की आवाज को मजबूत करने, उनकी समस्याओं को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने में कभी पीछे नहीं हटूंगा। संगठन के उद्देश्यों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए मैं दिन-रात कार्य करूंगा और मीडिया के माध्यम से संगठन की बात जन-जन तक पहुँचाऊंगा। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े किसान और मजदूर तक संगठन की सोच और योजनाओं को पहुँचाने का निरंतर प्रयास करूंगा। यह पद मेरे लिए सिर्फ एक ज़िम्मेदारी नहीं, बल्कि एक मिशन है – किसान-मजदूर की न्यायपूर्ण आवाज को सशक्त बनाना।

# विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति हेतु कैंडल मार्च निकाला



**वेलकम इंडिया**

**मुरादाबाद** : प्रकाश नगर चौराहा लाइन पार अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद जिला मुरादाबाद

के द्वारा अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मा शांति हेतु कैंडल मार्च निकाला गया और प्रार्थना की कि इन के परिवार वालों को भगवान दुख की घड़ी में शांति प्रदान करें। इस शोकसभा में पी.एस. उपाध्याय (नीटू उपाध्याय) जिला अध्यक्ष, हरीश दुबे (गुरुजी) जिला संरक्षक, डॉ विनोद पांडे जिला संयोजक, डॉ राजकुमार शर्मा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक, विशाल शुक्ला जिला उपाध्यक्ष, बिंदु अरोड़ा शिवसेना जिला अध्यक्ष, मुदित उपाध्याय जिला महासचिव, चंचल शर्मा महानगर अध्यक्ष, निखिल वशिष्ठ जिला सचिव, बंटी शर्मा जिला उपाध्यक्ष, अभिनव भट्ट अधिवक्ता प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष, विपिन शर्मा अधिवक्ता प्रकोष्ठ जिला संयोजक, मन्नू शर्मा जिला सचिव, प्रदीप शर्मा जिला सचिव, करनवीर शर्मा, धवल दीक्षित, अमिनेश शर्मा, राजेंद्र मोहन शर्मा, महेश शर्मा, संजय स्वामी, शिवनारायण पुठिया, रामप्रकाश शर्मा (पार्षद) गौरव मिश्रा जिला सचिव, आदि लोग शामिल हुए।

# लगातार हो रहे विमान हादसों पर शिव सेना ने चिंता व्यक्त की

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चाँदपुर**। चाँदपुर के मोहल्ला गोकुल नगर में स्थित विष्णु धाम मंदिर में अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए शिवसेना यूबीटी द्वारा शांतिपाठ का आयोजन किया गया । गौरतलब है कि शिवसेना यूबीटी द्वारा पूर्व निर्धारित जन जागृति सम्मेलन श्री सागर फार्म हाउस चांदपुर में होना प्रस्तावित था, जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह व पश्चिम प्रभारी महेश आहूजा और विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव व सह प्रभारी रविंद्र भारद्वाज संघर्षी की उपस्थिति सुनिश्चित थी । दुर्भाग्यवश इतनी बड़ी विमान दुर्घटना को देखकर शिवसेना के प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह ने आयोजन को स्थगित कर दिया। शिवसेना युवा सेवा, भवानी सेना के पदाधिकारियों ने ₹विष्णु धाम मंदिर₹ चांदपुर में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए शांतिपाठ कर 2 मिनट का मोन धारण किया। इस दौरान शिव सेना के प्रदेश महासचिव एवं सहप्रभारी रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी , मंडल प्रमुख एड. आर.के .आर्य, जिला प्रमुख चौ.संजय राणा, युवा सेवा जिला प्रमुख विकास त्यागी, भवानी सेवा जिला प्रमुख सोनम त्यागी, उपाध्यक्ष मंगलेश देवी, धामपुर नगर प्रमुख कांति देवी, धामपुर नगर प्रमुख बृजमोहन प्रजापति, जिला महासचिव चंद्रपाल सिंह, मनवीर यादव, पिंकी त्यागी, सलोनी त्यागी, सविता शर्मा, अंकित शर्मा, पूनम त्यागी, हिमानी देवल, क्षेत्रपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह सिरोही, साक्षी सैनी, राधा ठाकुर दुष्यंत कुमार, गोपाल सिंह ,गौरव सैनी, अंकित सैनी, नरेश सैनी, मीनू देवी, देशराज सैनी, टीनू त्यागी, रोहित सैनी, सत्येंद्र सैनी, अंकित भारद्वाज, हर्षित, शिवा शर्मा आदि बड़ी तादाद में शिव सैनिक मौजूदा रहे।

# गागलहेड़ी पुलिस ने तीन शातिर चोरो को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**गागलहेडी (राजीव चौधरी )** गागलहेड़ी पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरो को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से दो चोरी की बाइक बरामद हुई। दो दिन पूर्व बाग के बाहर खड़ी बाइक चोरी हुई थी जिसमे पुलिस ने 48 घण्टे बाद ही बाइक चोरी घटना का खुलासा कर दिया है। गागलहेडी थाना प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वादी प्रदीप पुत्र समय सिंह निवासी सरगतल ने लिखित प्राथना पत्र दिया था। कि उसकी बाइक ग्राम ठोकरपुर के पास बिना सैनी के बाग के बाहर से बाइक चोरी हो गई। जिसके सबंध में मुकदमा पंजीकृत कर चोरो की तलाश शुरू कर दी गई थी। बीती रात अज्ञात युवक मिलने पर जब गागलहेडी थाना पुलिस उग्राहु के रास्ते पर चेकिंग कर रही थी तभी दो बाइक से चार युवक सवार होकर आ रहे थे पुलिस टॉर्च देखकर दोनों बाइक घूमने लगी पुलिस ने पीछा किया तो वह चारो युवक बाइक छोड़कर खेत मे घुस गए। पुलिस ने तीन युवक आकाश पुत्र पदम निवासी तिवाया, अजय पुत्र रामवीर निवासी खिड़का बेहट, जतिन पुत्र मोहकम निवासी शांति कुंज गागलहेड़ी को गिरफ्तार कर लिया। वही चौथा आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस युवक को खोज रही है पुलिस जांच पता लगा कि 48 घण्टे पूर्व जो बाइक चोरी हुई थी एक बाइक उसमे से बरामद हुई है बाकी दूसरी बाइक भी बिना नम्बर प्लेट की है उसकी जांच कराई जा रही है।



# ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हुआ शुभारंभ





**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ रविवार को मुख्यालय के जेल रोड स्थित अलंकृत उद्यान में हुआ। आयोजन का शुभारंभ जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षकों ने वहां आए हुए तमाम लोगों को योग्य अभ्यास कराया। उन्होंने योग के विभिन्न आसनों को समझाते हुए सभी को प्रतिदिन योग करने की सलाह दी और कहा कि योग से व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ रहकर जीवन को सुखी बना सकता है। इस अवसर पर डॉक्टर राजा गणपति यार ने योग के महत्व को समझाते हुए उस के शुभारंभ पर सभी आगंतुकों को बधाइयां दीं और कहा कि आने वाले 21 जून को जो योग दिवस पूरे विश्व में मनाया जाएगा उस अवसर पर इससे अभी अधिक संख्या में पहुंचकर योग्य कार्यक्रम में भाग लें और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें।कार्यक्रम को सांसद जगदंबिका पाल ने भी संबोधित करते हुए कहा की योग बच्चों से लेकर बूढ़ों तक के लिए आवश्यक है।व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार प्रतिदिन योग करते रहना चाहिए। इससे जहां एक और व्यक्ति पूरी तरह स्वस्थ रहता है वहीं रोग भी समीप नहीं आते हैं। उन्होंने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी को बधाई दी और 21 जून को आने वाले विश्व योग दिवस पर सभी को फिर एक बार एकत्र होने का आह्वान किया।कार्यक्रम का आयोजन आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन की ओर से किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ विजय बहादुर, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ अजय कुमार, सीडीओ बलराम सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एस पी अग्रवाल के साथ बीएसए विभाग के तमाम कर्मचारी और उसके अंतर्गत तमाम शिक्षक एवं आयुष चिकित्सकों की ओर जेल से जनरल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष डॉक्टर के पी पांडे और सचिव डॉक्टर जावेद कमाल उपस्थित रहे। योग का मुख्य कार्यक्रम आने वाली 21 जून को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रातः 6:00 बजे से 8:00 बजे के बीच आयोजित किया जाएगा।


# नित्यशाला में निर्धन और गरीब बच्चों को कम शुल्क पर नृत्य सिखाने का काम करती हैं- नेहा

**वेलकम इंडिया**



प्रयागराज की रहने वाली नेहा की प्रेरणादायक यात्रा नित्यशाला के साथ नेहा ने कथक में मास्टर डिग्री हासिल की है और वे एक प्रसिद्ध नृत्य गुरु हैं। वे पिछले 8 वर्षों से नृत्य सिखा रही हैं। उनकी नित्यशाला ने 2023 में स्थापना की गई थी। नित्यशालाः एक केंद्र नृत्य और सामाजिक सेवा का नित्यशाला में शास्त्रीय नृत्य के साथ-साथ वेस्टर्न डांस भी सिखाया जाता है। नेहा अपनी नित्यशाला में निर्धन और गरीब बच्चों को कम शुल्क पर नृत्य सिखाने का काम करती हैं, और कुछ बच्चों को फ्री में कक्षाएं भी देती हैं। उनका उद्देश्य है कि हर बच्चा नृत्य की कला में अपना भविष्य संवार सके। निजी जीवन और संघर्ष नेहा ने अपने जीवन में एक बड़ा संघर्ष देखा जब उन्होंने अपने एक भाई निखिल कुमार को खो दिया। लेकिन उन्होंने इस दुख को अपने लक्ष्य के लिए प्रेरणा में बदल दिया और अपने काम में लगी रहीं। प्रेरणा का स्रोत नेहा की कहानी हमें प्रेरणा देती है कि जीवन में कितनी भी मुश्किलें आएं, हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमेशा प्रयासरत रह सकते हैं। उनका जज्बा और समर्पण हमें यह सिखाता है कि सच्चाई से किए गए काम से ही सफलता मिलती है। नित्यशाला का भविष्य नेहा की नित्यशाला आगे भी नृत्य और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अपना योगदान देती रहेगी। उनकी मेहनत और समर्पण से हम यह कह सकते हैं कि नित्यशाला एक उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ रही है।

# खेत के मेड पर रखा जहरीला पदार्थ का पानी से मौके पर ही मर गई बकरी के चार बच्चे



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**चिल्हिया/सिद्धार्थनगर।** जहरीला पदार्थ खाकर बकरी के चार बच्चों (बकरी) के मरने का मामला इन दोनों लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। मामला जनपद के चिल्हिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरा भड़ेहर का है। पिपरा भड़ेहर गांव निवासी शमशेर बहादुर यादव ने चिल्हिया थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देते हुए लिखा कि बीते दिनांक 14.06.2025 को समय करीब 2:00 बजे बकरी के चार बच्चे सीवान में चर रही थी कि गाँव की अनारमती पत्नी कमलेश के खेत के पेड़ पर रखा हुआ जहरीला पदार्थ बकरी के बच्चों ने पी लिया और उन सबकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने निवेदन के साथ उचित कार्रवाई करने की मांग की है। मामले की जानकारी को लेकर जब प्रभारी निरीक्षक चिल्हिया रामदेव से उनके सीयूजी नंबर 9454404229 पर बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं उठा।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रधानाचार्य ने किया शुभारंभ





**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहरः** विकासखंड ऊंचागांव क्षेत्र के कस्बा अमरगढ़ स्थित जवाहर ज्योति इंटर कॉलेज में रविवार को कॉलेज के प्रधानाचार्य अखि लेश कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलित करके योग दिवस का शुभारंभ किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि योगासन, प्राणायाम व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक चलेगा। कॉलेज के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं व कॉलेज के समस्त शिक्षक स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन परम्परा का अमूल्य उपहार है। यह मनुष्य के दिमाग व शरीर की एकता का प्रतीक है। मनुष्य और प्राकृति के बीच ऐसा सामंजस्य है, जो विचार, और संयम और पूर्ति प्रदान करता है। स्वास्थ्य और भलाई के लिए योग एक समग्र दृष्टिकोण को भी देने वाला है। हमारी बदलती जीवन शैली में यह चेतना बनकर, हमें जलवायु परिवर्तन से निपटने मदद करता है। उन्होंने विद्यार्थियों और अध्यापकों को नियमित योग करने की सलाह दी। इस दौरान अमृत योग सप्ताह कार्यक्रम में कॉलेज के समस्त छात्र छात्राएं और कॉलेज के समस्त शिक्षक स्टाफ मौजूद रहे।

# पीएम ने देश के विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया - सांसद पाल

**वेलकम इंडिया**

**शोहरतगढ़.सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी शोहरतगढ़ मण्डल संगठन के द्वारा सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा एवं विकसित भारत का अमृत काल विषय पर केन्द्रित संवाद कार्यक्रम सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कालेज शोहरतगढ के सभागार में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा शोहरतगढ के मण्डल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक अभिषेक चौधरी, सह संयोजक रामकुमार त्रिपाठी रहें। इस कार्यक्रम का संचालन राम विनोद यादव ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित करके एवं राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम करके किया गया। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा के द्वारा मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल, विशिष्ठ अतिथि श्रीमती साधना चौधरी एवं मुख्य वक्ता लालजी त्रिपाठी को पुष्पगुच्छ देकर अभिनन्दन किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल ने सम्बोधन में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया। मोदी सरकार ने नारी सशक्तिकरण से लेकर कृषक कल्याण, आर्थिक उत्थान से लेकर सांस्कृतिक पुनर्जागरण, डिजिटल क्रांति से लेकर वैश्विक प्रतिष्ठा तक भारत ने अनेक शिखर हुए। विशिष्ठ अतिथि साधना चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के हित में धारा 370 का उन्मूलन, राम मंदिर का निर्माण, तीन तलाक की समाप्ति और आतंकवाद के विरूद्ध सर्जिकल, एयर स्ट्राइक एवं आपरेशन सिन्दूर जैसे निर्णायक कदमों ने राष्ट्रीय अस्मिता एवं स्वाभिमान को नये आयाम दिये हैं। मुख्य वक्ता लालजी त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास, की मूलभावना के साथ भारत ने अंत्योदय से राष्ट्रोदय तक की जो यात्रा तय की हैं, वह विकसित भारत आत्म निर्भर भारत के निर्माण की अमिट आधारशिला बन चुकी है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व महामंत्री कृष्णपाल चौधरी, रवि अग्रवाल, नर्मदेश्वर मणि त्रिपाठी, अमेरिका चौधरी, विकास तिवारी, शिवप्रसाद चतुवेर्दी, अवधेश यादव, श्रीराम चौहान, अवधेश आर्य, राधेश्याम मिश्रा, विरेंद्र चौधरी, विनोद चौरसिया, जगदीश चौरसिया, गौतम लाल यादव, सरजू प्रसाद, लवकुश चौधरी, अर्जुन चौरसिया, महेन्द्र चौधरी, सोनम चौधरी, चन्द्रकेश यादव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# रक्त संकल्प ने अपनी 4वीं वर्षगांठ पर लॉन्च किया ऐप और वेबसाइट, बढ़ावा देने के लिए स्वैच्छिक रक्तदान

**वेलकम इंडिया**



प्रयागराज में रक्त संकल्प, एक गैर-सरकारी संगठन जो स्वैच्छिक रक्तदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है, ने अपने 4वें स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय रक्तदाता दिवस के अवसर पर अपनी आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार तिवारी (मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रयागराज) और विशिष्ट अतिथि श्री सुशील खरबंदा और श्री संदीप यादव,रौनक गुप्ता, ने इस पहल की सराहना की, जिसका उद्देश्य भारत को 100% स्वैच्छिक रक्तदान राष्ट्र बनाना है।

इस प्लेटफॉर्म पर उपयोगकर्ता भारत भर में रक्तदान के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं और रक्तदान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वेबसाइट और ऐप अब क्रमशः (लिंक उपलब्ध नहीं है) और गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर पर उपलब्ध हैं। इस अवसर पर रक्तदान में योगदान के लिए 30 से अधिक संगठनों को सम्मानित किया गया। रक्तसंघल ?? ने स्पष्ट किया कि वह स्वयं रक्त एकत्र नहीं करता है, बल्कि एक जागरूकता और समन्वय मंच के रूप में कार्य करता है जो दाताओं को लाइसेंस प्राप्त रक्त बैंकों से जोड़ता है। संगठन के महासचिव श्री तरुण मित्तल ने समुदाय को धन्यवाद दिया और स्वयंसेवकों से डिजिटल ई-सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए अपने दान की तस्वीरें साझा करने का आग्रह किया।

# आत्मरक्षा शिविर व बाल संस्कार शिविर दिवस

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद में क्रीड़ा भारती हापुड़ व भारत विकास परिषद माधव तत्वाधान में बालिका के लिए आत्मरक्षा शिविर व बाल संस्कार शिविर का शुभारंभ आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज स्वर्ग आश्रम रोड पर हुआ। शिविर के उद्घाटन में क्रीड़ा भारती के प्रदेश मंत्री डॉ विकास अग्रवाल, मेरठ प्रांत कार्यकारिणी सदस्य व मातृशक्ति प्रमुख डॉ शशि शर्मा, जिला संरक्षक बृजेश गर्ग, ज़िलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला मंत्री मनप्रीत खैरा, जिला कोषाध्यक्ष आशीष गर्ग के अलावा माधव हापुड़ से सचिव नरेश गर्ग, लवलीन गुप्ता, पंकज गर्ग, राजीव गर्ग, संजय गर्ग, बाल शिविर संयोजीका नीलम गर्ग, नेहा गर्ग, कविता गर्ग, निधि गुप्ता, दीप्ति त्यागी, रिया गर्ग, वृंदा केडिया की उपस्थित रही। नगर अध्यक्ष गौरव गोयल ने बताया कि सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षक रोहताश सिंह, गीतिका सिंह व शूटिंग प्रशिक्षक अंकुश चौधरी द्वारा बालिकाओं को जूडो कराटे, दंड (लाठी) चलाना व शूटिंग का अभ्यास कराया गया। जिसमे प्रथम दिन 190 बालिकाओं ने भाग लिया। जिला महिला मंत्री सुनीता स्वामी ने कहा कि की आपात स्थिति में लड़कियां खुद को कैसे बचाना है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य लड़कियों में असामाजिक तत्वों से खुद का बचाव करने और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने की क्षमता और आत्मविश्वास पैदा करना है। बेटियों की आत्मरक्षा का लिये सेल्फ डिफेन्स की ट्रेनिंग लेना जरूरी है। सेल्फ डिफेंस संयोजिका नीलम गुप्ता ने बताया की आत्मरक्षा शिविर व बाल संस्कार शिविर रोजाना कार्यक्रम में मुकेश शर्मा, मनोज अग्रवाल, गुंजन गर्ग, निशांत अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, परवीन कुमार, महेंद्र कुमार, अनिल स्वामी, सुभाष चंद सैनी, मयंक, तरंग बजरंग, सरदार अनोखा खैरा आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात सभी बालिकाओं को जलपान वितरित किया गया।क्रीड़ा भारती, भारत विकास परिषद माधव हापुड़ के दौरान दिवस मनाया गया।

# पोखरा के फर्जी भुगतान को रोककर श्रमदान घोषित कर दोषियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की मांग

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**शोहरतगढ़ /सिद्धार्थनगर।** सदस्य जिला पंचायत एवं जिला योजना समिति जहूर खां ने जिलाधिकारी सहित अन्य उच्चाधिकारियों को पत्र देकर पोखरा के फर्जी भुगतान को रोककर श्रमदान घोषित करते हुए दोषियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की मांग की है। सदस्य जिला योजना समिति ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम रोजगार, जिला विकास अधिकारी को अवगत कराते हुये कहा कि तहसील शोहरतगढ़ के विकास खण्ड बर्डपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरगदी के अहरौली में कुटी के सामने पोखरा की खुदाई का कार्य फर्जी तरीके से केवल कागजों में चल रहा है। पोखर में आदमी की बजाय जेसीबी मशीन से खुदाई कर पोखरा तैयार कराया जा रहा है।

सदस्य जिला योजना समिति ने आरोप लगाया कि फर्जी मास्टर रोल भरकर लाखों रुपए की धनराशि निकाली जा रही है। शासन के पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने पोखरा के फर्जी भुगतान को रोककर श्रमदान घोषित करते हुए दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की मांग की।

# बढ़नी में संचालित कुछ अस्पतालों पर चल रहे अबोर्शन का खेल

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र ढेबरूआ के बढ़नी-पचपेड़वा रोड पर स्थित एक अस्पताल के डाक्टर से बातचीत का आडियो वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बताया जाता है कि बढ़नी क्षेत्र में काफी दिनों से कुछ चर्चित अस्पतालों में अबोर्शन का अवैध कारनामा चल रहा था। जिसमें अस्पताल के डाक्टर व एक व्यक्ति के बीच बातचीत का तथाकथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बातचीत के दौरान उक्त व्यक्ति द्वारा कहा जाता है कि अमीना हॉस्पिटल के डाक्टर/संचालक अलीम से हम डमी मरीज का असिस्टेंट बनकर अपने आप को नेपाल कृष्णानगर सेमरा गांव निवासी बताकर अबोर्शन करने की बात कही गई। डाक्टर अलीम से बताया गया कि गांव की एक लड़की से व्यक्ति का अवैध सम्बन्ध था और वो गलती से गर्भवती हो गई हैं। उस लड़की का अबोर्शन कराना हैं, जिस पर डाक्टर अलीम ने कहा बच्चा कितने दिन का है। व्यक्ति ने कहा लगभग 2 माह से ज्यादा का है। जिस पर डाक्टर अलीम ने कहा अबोर्शन हो जायेगा, व्यक्ति ने पूछा कितना पैसा लगेगा तो डाक्टर ने कहा अभी आधे घन्टे बाद आपको फोन कर बता देंगे। लगभग एक घन्टे बाद डाक्टर अलीम फोन कर एक नम्बर देकर कहते हैं कि आप इस नम्बर पर बात कर लिजिए, ये हमारे अस्पताल के डाक्टर हैं। वह व्यक्ति डॉक्टर अलीम के दिये नम्बर पर बात करने पर अपने आप को डाक्टर फैजान बताते हुए अबोर्शन के लिए 30 हजार रुपए कि बात कही गई। डाक्टर फैजान ने बताया डाक्टर अलीम और हम दोनों मिलकर अस्पताल संचालित करते हैं। पूर्व में अमीना हॉस्पिटल पर एक मौत हुई थी, लेकिन एक ही महीने बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा अमीना हॉस्पिटल को फिर से संचालित करने का आदेश दे दिया गया था।

## कलम के सिपाहियो के साथ सदैव खडा प्रयागराज एनयूजे

# अहमादबाद विमान हादसे मारे गए यात्रियो एनयूजे प्रयागराज ने दी श्रद्धांजलि

**वेलकम इंडिया**




आज नेशनल यूनियन आँफ जर्नलिस्ट प्रयागराज जिला इकाई की जून माह की बैठक सिविल लाइन स्थित डायट सभागार मे संरक्षक पवन दिवेदी तथा संरक्षक परवेज आलम की उपस्थिती मे जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव के अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ बैठक का संचालन संगठन मंत्री अखिलेश शुक्ला ने किया। बैठक मे सर्वप्रथम अहममदाबाद मे विमान हादसे मे मारे गए यात्रियो को दो मिन्ट का मौन रखकर श्रदाजँली दी गयी । इश्रवर से प्राथॅना की गयी की मृत आत्माओ को अपने श्रीचरणो मे स्थान दे तथा शोक संतप्त परिवार को यह हद्रयविधारक घटना को सहन करने शक्ती प्रदान करे। मई माह के बैठक मे जिन पदाधिकारियो सदस्यो ने अपरिहायॅ कारणो से अपना परिचय पत्र नही ले पाए थे उन्हे आज संगठन के संरक्षक पवन दिवेदी संरक्षक परवेज आलम ने संगठन के परिचय पत्र प्रदान किया। बैठक मे संरक्षक पवन दिवेदी ने कहाँ कि संगठन आर्थिक मजबूती की दिशा मे काम हो रहा है जिससे जरूरत पडने पर किसी भी सदस्य की आर्थिक सहायता संगठन की ओर से की जा सके। संरक्षक परवेज आलम ने कहाँ कि संगठन दूारा बहुत जल्द पत्रकारिता पर विचार गोष्ठियो का आयोजन किया जाएगा जिसमे पत्रकारिता मे मुकाम हासिल कर चुके वरिष्ठ पत्रकारो का सम्बोधन का कायॅक्रम तय किया जाएगा यह गोष्ठी प्रतिमाह मासिक बैठक मे ही आयोजित की जाएगी।

# मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजनाए के लाभार्थियों को धनराशि का वितरण कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** प्रभारी अधिकारी आयुक्त एवं सचिव सूरज कुमार यादव ने बताया है कि मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा ३मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजनाए के लाभार्थियों को धनराशि का वितरण कार्यकम दिनांक 16 जून 2025 को प्रातः 11:00 बजे आयोजित किया गया है। इस कार्यकम का मुख्य आयोजन जनपद अम्बेडकरनगर में होना है। जिन्हें मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रुप से सहायता धनराशि का चेक प्रदान किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त प्रदेश के सभी जनपदों में जनपद मुख्यालय तथा अन्य तहसीलों में भी योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को धनराशि वितरण कार्यकम आयोजित किये जायेंगे। इस कार्यक्रम में सम्मानित जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जायेगा। जनपद अम्बेडकरनगर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रदेश की समस्त तहसीलों में करने हेतु आवश्यक व्यवस्था अनिवार्य रुप से कराना सुनिश्चित करें।

# ब्लड सिस्टम एक्टिव और हेल्दी रखने के लिए करना चाहिए ब्लड डोनेट : कुलपति

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय के अस्पताल में विश्व रक्तदाता दिवस रक्तदान सुरक्षित जीवन की थीम के साथ मनाया, इस मौके पर रक्तदाताओं को प्रचंड गर्मी से राहत पहुंचाने एवं हादसों से बचने के लिए पानी की बोतल और हैलमेट व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा अहमदाबाद में हुए विमान क्रैश हादसे में मृत लोगों की आत्मशांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रक्तदान शिविर में 54 यूनिट रक्त मिला है। केएम पैथोलॉजी विभाग की टीम द्वारा आयोजित गोष्ठी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए केएमयू के कुलपति डा. एनसी प्रजापति ने कहा ब्लड डोनेशन करने से शरीर में मौजूद एक्स्ट्रा आयरन को कम होता है, जिससे हार्ट हेल्थ में सुधार होता है, जो दिल से जुड़ी समस्याओं का कारण बन सकता है। ब्लड डोनेट करने से कैलोरी बर्न होती है। हर एक रक्तदान से लगभग 600-650 कैलोरी जलती है। रेड ब्लज सेल्स का प्रोडक्शन बढ़ता है, ताकि ब्लड सिस्टम एक्टिव और हेल्दी रहे। यह दिन लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित करता है, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर खून मिल सके और उनकी जान बचाई जा सके। इसलिए हम सभी को ब्लड डोनेट करना चाहिए जिससे जीवन सुरक्षित रह सके। विश्व रक्तदान दिवस को लेकर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विवि के कुलपति डा. एनसी प्रजापति, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, एडीशनल मेडीकल सुप्रीटेंट डा. आरपी गुप्ता, मेडीसन विभाग के प्रोफेसर डा. जेपी उपाध्याय, पैथोलॉजी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डा. राजेश लोया, प्रोफेसर डा. कमलजीत कौर ने दीप प्रज्जवलित एवं फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. ओशो और डा. शिवांगी ने की। रक्तदान को लेकर अपने विचार व्यक्त हुए कुलसचिव डा. पूरन सिंह ने कहा कि हर किसी को रक्तदान के लिए आगे आकर जरुरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए ताकि किसी की जान बच सके। हम सभी को इसके लिए जागरूक होना चाहिए। मेडीकल कालेज प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने कहा कि युवा वर्ग इस मुहिम में आगे आकर जरूरतमंद की मदद कर सकता है। इसलिए युवाओं को जागरूक होना चाहिए और रक्तदान करना चाहिए। अस्पताल के एडीशनल मेडीकल सुप्रीटेंट ने कहा कि सड़क हादसों और अन्य घटनाओं में लोगों की खून की कमी के कारण जान चली जाती है ऐसे लोगों के लिए आगे आकर मदद करें और रक्तदान कर जान बचाएं। इसी प्रकार से प्रो. डा. जेपी उपाध्याय, प्रो. डा. राजेश लोया और डा. कमलजीत कौर अपने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व डा. शशांक, डा. ओशो, डा. अभिनव, डा. सुरभि, डा. शिवांगी, डा. मेजर उज्जवल, डा. उत्कृर्ष डा. प्रीति ने नाटक रूपांतर के जरिए ब्लड डोनेट के महत्व को समझाते हुए कहा रक्तदान समाज के लिए प्रेरणा है। ब्लड बैंक में डोनेट करने वाले घनश्याम, विश्वेन्द्र सिंह, किशनवीर, लालमन, नरेश, राजवीर, रूपल को कुलपति ने हैलमेट, पानी की बोतल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। केएम ब्लड बैंक के सुपरवाइजर जसमंत सिंह ने बताया कि शिविर में 54 यूनिट ब्लड एकत्र हुआ है। सभी रक्तदाताओं को हैलमेट के साथ पानी की बोतल भी दी गई।

# किसान और जवान को पार्टी से जोडने का अभियान चलाएंगे :- आदित्य विक्रम सिंह

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** राष्ट्रीय लोक दल के उत्तर प्रदेश सदयता प्रभारी / प्रदेश उपाध्यक्ष अदित्य विक्रम सिंह एवम, वी.एल प्रेमी प्रदेश कोषाध्यक्ष, क्षेत्रीय संगठन महासचिव मनोज बुधौलिया का जनपद आगमन पर रालोद कार्यकर्ताओ ने गर्मजोशी से स्वागत किया. स्वागत उपरांत सिंचाई विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल में बुंदेलखंड के समस्त जिलाध्यक्ष एवम महानगर अध्यक्षों को सदस्यता अभियान से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी अदित्य विक्रम सिंह द्वारा दी गयी। बुंदेलखंड के सभी जिलों के जिलाध्यक्षों को संबोधित करते हुए आदित्य विक्रम सिंह द्वारा 10जून से 30जून तक सदस्यता भ्रमण अभियान चौपाल, पदयात्राएं, साइकिल, मोटरसाइकिल,यात्राएं निकाल कर किसान और जवान को पार्टी से जोडने का - अभियान पार्टी चलाएगी तथा बूथ कमेटी का गठन किया जाएगा क 11जुलाई से 31 अगस्त तक पंचायत में सम्मेलन ओर मतदाताओं के नाम पंचायती चनाव वोटर लिस्ट में डलवाना 'एवं नए मतदाताओँ को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं नीतियों में अवगत कराया जायेगा। 1 सितंबर से 31 अक्तूबर तक ₹सघन सदस्य अभियान₹चलो गांव की ओर एक-रात एक गाव आदि कार्यक्रम करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह पिपरा ने की. संचालन महानगर अध्यक्ष रोहित भार्गव ने किया. कार्यक्रम के अंत में आभार अनिल मौर्य ने व्यक्त किया. इस अवसर पर मनोज बुधौलिया, अनिल त्रिपाठी, लियाकत अली,राजेश जैन,सरदार रमन सिंह,विकास सोनी,सचेन्द्र सिंह सोनू,कुलवंत सिंह खालसा, विपिन शिवहरे,दिलीप पाण्डे,पं राकेश नायक,सुरेंद्र यादव सौरभ,कुलदीप पटेल,मनोज साहू, उस्मान,प्रवीण मिश्रा,अजय रावत, संजय, पुरषोत्तम कुशवाहा जागेश्वर राय, आशीष तिवारी, आशीष पुरोहित, विपिन तिवारी, नीरज रायकवार आदि उपस्थित रहे।

# पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने नगर पालिका अस्पताल का लिया जायजा



**वेलकम इंडिया**

**टांडा जिला रामपुर।** रविवार को पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम ने नगर पालिका अस्पताल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ओपीडी और औषधि कक्ष आदि का मुआयना करने के साथ ही मरीजों का हालचाल भी जाना। हाजी सरफराज आलम ने चिकित्सकों सहित अस्पताल के समस्त स्टॉफ को हिदायत दी कि वह रोगियों के साथ अपनेपन का व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम ने ओपीडी कक्ष, फिजियोथेरेपी यूनिट और औषधि कक्ष का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने निरीक्षण के दौरान कई अलग-अलग मरीजों से बात कर उनका हालचाल जाना। इस मौके पर सभासदपति अफसर अली और कारी जावेद आदि मौजूद रहे।

# 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का विधायक राजेन्द्र मौर्य ने किया शुभारंभ

**विजय द्विवेदी**



**प्रतापगढ़।** 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने शहीद उद्यान पार्क (कंपनी गार्डन) में योग सप्ताह दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रदेश सरकार के आदेश एवं जिलाधिकारी एवं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन की नोडल मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश के क्रम में आयुष विभाग एवं नगर विकास विभाग द्वारा शहीद उद्यान में आयोजित इस उद्घाटन कार्यक्रम एवं कामन योग प्रोटोकाल प्रशिक्षण के साथ आज सभी ब्लाकों, समस्त आयुष चिकित्सालयों, समस्त योग वेलनेस एवं हेल्थ वेलनेस सेंटरों, वृद्धाश्रम चिलबिला एवं रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों मे कामन योग प्रोटोकाल प्रशिक्षण कार्य आयुष विभाग के योग्य योग प्रशिक्षकों की देख रेख में किया गया । शहीद उद्यान पार्क में योग प्रशिक्षक द्वारा योगासन की विभिन्न मुद्राएं यथा वृक्षासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, दण्डासन, भद्रासन, वज्रासन, कपालभाति, नाड़ी शोधन, ध्यान मुद्रा, भ्रामरी प्राणायाम, शलभ आसन, मकराआसन, पवनमुक्तासन, भुजंगासन, शीतली प्राणायाम, उष्ट्रासन, ग्रीवा चालन, स्कन्ध संचालन, ताड़ासन इत्यादि का योगाभ्यास कराया गया एवं योग के लाभों को बारें में बताया गया। इस अवसर पर विधायक सदर ने उपस्थित लोगों से नियमित रूप से योगाभ्यास करने की अपील की। उन्होने कहा कि नियमित रूप से योग करें और निरोग रहें। योग के माध्यम से तन और मन को चुस्त-दुरूस्त एवं स्वस्थ्य रखे। दैनिक जीवन में योग का निरन्तर उपयोग करें, योग स्वस्थ जीवन जीने का एक तरीका है, इससे अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। दिनांक 16 से 21जून तक योग सप्ताह के अन्तर्गत शासन द्वारा निर्देशित 4 विशिष्ट गतिविधियों वाले कार्यक्रम योग संगम, योग पार्क ,योग अनप्लग्ड एवं हरित योग प्रभावी ढंग से किये जायेंगे। कार्यक्रम में एनसीसी केडेट्स के साथ नगर से लगभग 200 गणमान्य नागरिकों ने कामन योग प्रोटोकाल प्रशिक्षण प्राप्त किया। 21 जून 2025 का मुख्य कार्यक्रम नगर के पुलिस लाइन्स में सुबह 6 बजे से 8 बजे तक सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा० त्रिभुवन राम एवं संचालन डा० रंगनाथ शुक्ल द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल सिंह , ई०ओ० नगर पालिका राकेश कुमार, जिला होमिओपैथिक अधिकारी डा० ममता सचान सहित आकाश दीप, राकेश कुशवाहा के साथ आयुष विभाग के अधिकारी एव कर्मचारी उपस्थिति रहे ।

# बच्चों के साथ ही शिक्षकों की छुट्टियां भी 30 जून तक बढ़ाई जाएं,डा. राजवीर

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा जिला रामपुर।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद ने बच्चों के लिए बेसिक स्कूलों की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों को 30 जून तक बढ़ा दिया है। पहले ये छुट्टियां 20 मई से 15 जून तक निर्धारित थीं, लेकिन अब बच्चों को 15 दिन का अतिरिक्त अवकाश मिलेगा।

हालांकि, शिक्षकों को 16 जून, सोमवार से स्कूलों में उपस्थित रहकर प्रशासनिक और अन्य आवश्यक कार्य पूरे करने होंगे। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव के इस आदेश से परिषदीय शिक्षकों में नाराजगी देखी जा रही है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर राजवीर सिंह ने इस आदेश को अव्यवहारिक और असंवेदनशील बताया। उन्होंने कहा, जब स्कूलों में बच्चे नहीं आएंगे, मिड-डे मील नहीं बनेगा और सभी ऑनलाइन कार्य पहले ही पूरे हो चुके हैं, तो भीषण गर्मी में शिक्षकों को स्कूल बुलाना उनके शोषण का प्रयास है। उन्होंने मांग की कि बच्चों की तरह शिक्षकों की छुट्टियां भी 30 जून तक बढ़ाई जाएं।

# नगर निगम की मनमानी से जांच की पत्रावलियां गायब

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** नगर निगम के अधिकारियों पर तांगा स्टैंड की जमीन बताकर भवन ढहाने के बाद जांच रिपोर्ट गायब करने का आरोप लगा है। पीड़ित ने मामले की आरटीआई द्वारा जानकारी मांगी तो अफसर मनमानी करने लगे और जवाब तक नहीं दे पाए कि ये तांगा स्टैंड की भूमि है या निजी संपत्ति है। जानकारी देने पर एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं।

हालांकि पीड़ित ने जांच की पत्रावलियां गायब होने का दावा किया है। इसमें एक उच्च अधिकारी की संदिग्ध भूमिका बताई जा रही है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर न्याय की मांग की है। दूसरी तरफ मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट में भी विचाराधीन है। डैंपियर नगर के रहने वाले निखिल गर्ग ने बताया है कि उन्होंने कृष्णा नगर में 2019 में एक प्लॉट खरीदा था। इसके निर्माण के लिए 2020 में उन्होंने निगम से एनओसी मांगी तो जारी कर दी। आरोप है कि इसके बाद कुछ लोगों की शिकायत कर नगर निगम के अधिकारियों ने तांगा स्टैंड की जमीन बताकर बिना नोटिस दिए निमार्णाधीन भवन को ढहा दिया। इसी बीच पीड़ित ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से मामले में स्टे ले लिया। फिर उनकी मांग पर तत्कालीन नगर आयुक्त ने अपने स्तर से मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी। अभी तक इसकी जांच लंबित है। उन्होंने 26 अप्रैल को आरटीआई द्वारा निगम के अधिकारियों ने जांच आख्या मांगी तो उन्हें गोलमोल जवाब दिया गया। पीड़ित ने निगम के एक उच्च अधिकारी पर जांच आख्या गायब और सांठगांठ करके मामला निपटाने का आरोप लगाया है। साथ ही कहा है कि वह तांगा स्टैंड की जमीन नहीं है।

# वृंदावन में वीकेंड पर जाम, गर्मी में बेहाल हुए लोग



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** वीकेंड पर वृंदावन की यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई, जिससे स्थानीय निवासियों और दर्शनार्थियों को दिनभर भीषण जाम का सामना करना पड़ा। सुबह से शाम तक शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं, जिसने प्रशासन की लचर व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, बाहरी राज्यों से आने वाली गाड़ियों पर बैरियर लगे होने के बावजूद वे धड़ल्ले से शहर में प्रवेश करती रहीं और ट्रैफिक पुलिस का इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं गया। जाम में फंसे लोग लगातार प्रशासन को कोसते नजर आए। मुख्य रूप से वृंदावन के अटल्ला चुंगी, नगर निगम चौराहा, सीएफसी तिराहा, लोई बाजार और गोपीनाथ बाजार जैसे क्षेत्रों में ई-रिक्शा और कारों की लंबी-लंबी लाइनें देखने को मिलीं, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप पड़ गया। इस स्थिति ने एक बार फिर वृंदावन की यातायात प्रबंधन प्रणाली की खामियों को उजागर कर दिया है।

# समन्वयक गोष्ठी में एडीएम प्रशासन और एसपी ग्रामीण ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** गोवर्धन में मुड़िया पूर्णिमा मेला 2025 के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार मौर्य तथा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही तैयारी की दृष्टिगत अंतर विभागीय समन्वय समिति की गोष्ठी की गई परिक्रमा मार्ग में राजस्थान के जनपद डींग के पडने वाले भाग में की जाने वाली व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में डींग जनपद के अधिकारी भी उपस्थित हुएह्न एस पी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि विद्युत विभाग पीडब्ल्यूडी, वन विभाग ,नगर पंचायत गोवर्धन व राधा कुंड तथा एमवीडीए के द्वारा समस्त कार्य समय से किए जा रहे हैं ह्न समस्त परिक्रमा मार्ग को सीसीटीवी कैमरे से कवरेज किया जाएगा पुलिस विभाग के द्वारा कुल 61 पार्किंग स्थल तथा 150 बैरियर पॉइंट चिन्हित किए गए हैं जिससे संपूर्ण परिक्रमा मार्ग एवं कस्बा नो व्हीकल जोन रहेगा समन्वय गोष्ठी में अरविंद द्विवेदी सचिव एमवीडीए, एसडीएम गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव , क्षेत्राधिकारी गोवर्धन अनिल कुमार सिंह , एसडीएम डींग राजस्थान देवी सिंह तथा अन्य विभागों के सक्षम अधिकारी उपस्थित थे।

# आपदा कार्य मे लापरवाही बरतने पर डीएम सख्त

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, आपदा आने पर कोई भी विभाग के अधिकारी तत्काल उचित कार्रवाई करते हुए आपदा राहत कार्यों में लापरवाही बरतेंगे तो ऐसे में जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जिले में जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए सख्त कार्रवाई करने की स्पष्ट चेतावनी दी है।कहा कि आपदा प्रबंधन और आवश्यक सेवाओं में किसी भी प्रकार की ढिलाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएम को कपकोट, धरमघर-सनगाड़ ग्रामीण मोटर मार्ग पर सड़क के बीच मलबा आने की स्थिति में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने की शिकायत मिली।लोगों ने विभाग द्वारा सूचना देने के बाद भी सड़क खोलने के लिए जेसीबी मशीन मौके पर नही भेजी जाने, और न ही मार्ग को खोलने की दिशा में कोई प्रभावी प्रयास किए जाने की शिकायत की। जिस पर डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए विभागीय लापरवाही से नाराज होते हुए त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित कनिष्ठ अभियंता जितेश मलकानी को तत्काल प्रभाव से निलंबित और सहायक अभियंता आशीष रावत पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में प्रशासन का सबसे बड़ा दायित्व प्रभावित नागरिकों तक त्वरित राहत पहुंचाना होता है, और इसमें कोताही क्षम्य नहीं है।इसी प्रकार रीमा क्षेत्र में लगातार विद्युत आपूर्ति बाधित रहने और जनता को हो रही असुविधा को देखते हुए जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के कार्यों पर भी गंभीर नाराजगी जताई है। उन्होंने संबंधित कनिष्ठ अभियंता के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने और क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को शीघ्र सुचारु करने के निर्देश अधिशासी अभियंता को दिए हैं। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि आगे से इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त होती हैं, तो सीधे उच्च स्तरीय कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी भटगांई ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपदा से प्रभावित मार्गों को प्राथमिकता पर खोलने के लिए पर्याप्त संख्या में जेसीबी एवं मशीनरी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया है कि हर क्षेत्र में निरंतर निगरानी रखी जाए तथा शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने यह संदेश दिया कि जनहित सर्वोपरि है और शासन की नीतियों का उद्देश्य आमजन को राहत पहुंचाना है।

# हिंदू सनातनी को लेकर अखिल भारतीय हिंदू महासभा के युवा जिला अध्यक्ष रवि कुमार चौधरी ने संगठन को बढ़ाने के लिए रखे अपने विचार

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा वरिष्ठ पत्रकार**



हापुड़ जनपद में अखिल? भारतीय? हिंदू? महासभा? द्वारा संगठन विस्तार को लेकर एक बैठक रेलवे रोड़ स्थित सीटी प्लाजा हॉट में की एक सभा का आयोजन किया गया जिस बैठक मै पद अधिकारी गन मौजूद रहे। बैठक की मंच का संचालन संगठन के मोहित पाल ने किया बैठक में उपस्थित अखिल भारतीय हिंदू महासभा जिला अध्यक्ष अंकित कुमार यादव,श्योदान सिंह जिला संगठन मंत्री,धर्मेंद्र त्यागी जिला प्रमुख महासचिव व योगेंद्र शर्मा का जय श्री राम के उद्घोष के साथ लोगों को पटका पहनकर स्वागत किया और मनोनीत पत्र देते हुए जिला अध्यक्ष युवा अखिल भारतीय हिंदू महासभा मै नियुक्त किया गया और जिला संगठन मंत्री श्योदान सिंह ने कहा कि हमें जात पात की भावनाओं को छोड़कर एक होकर सनातन का प्रचार व प्रसार करेंगे अगर हम एक रहेंगे तो नेक रहेंगे,एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे वरना हम अगर बटें तो कटेंगे,अकेले परिवार न रहकर हमें संयुक्त परिवार की तरह रहना होगा तो वहीं जिलाध्यक्ष अंकित कुमार यादव ने बताया कि युवा से लेकर बच्चों तक सनातन का प्रचार प्रसार करके एकजुट हमें रहना होगा सभी सनातनी लोगों को बच्चों को मोबाईल व बुरी आदत से बचाना होगा और वो बुरी आदतें छुटनी होंगी जो हमारे जीवन और सनातन को खराब करेंगी और हमें अपने धर्म की रक्षा करने के लिए एक जुट होना पड़ेगा सभी सनातनी को एकजुट कर मजबूत प्रदान करना होगा,जिले से लेकर राष्ट्रीय स्तर व प्रदेश स्तर तक सभी सनातनियों की समस्याओं को हल करवाना हमारी प्राथमिकता होगी और नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि युवाओं को जागरुक करते हुए सनातन को आगे बढ़ने के साथ संगठनों को मजबूत कर आगे बढ़ाना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी जिससे लोगों को अखिल भारतीय हिंदू महासभा से जोड़ा जा सके और हमारे हिंदू तत्व को बचाया जा सके।

# 29 सालों से कोर्ट में लड़ रहे अभ्यर्थियों को नौकरी की आस जगी

वेलकम इंडिया



**शिकारपुर।** पिछले तीन दशकों से प्राइमरी सरकारी स्कूलों में नौकरी पाने के लिए सरकार, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ चुके बीटीसी पत्राचार अभ्यर्थियों में अब नौकरी मिलने की आस जगी है। क्योंकि शासन स्तर पर मुख्यमंत्री स्तर से फाइल पर अप्रूवल हो गया है। रविवार को पुरानी तहसील रोड स्थित फार्म हाउस में राजवीर सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में मान्यता प्राप्त टीचर्स एसोसिएशन (बेसिक) के प्रदेश अध्यक्ष केसी आर्य ने बीटीसी पत्राचार अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए ऐलान किया कि अब उनकी नौकरी पर छाए हुए संकट के बदले छठ चुके हैं। इस बात की पूरी संभावना है कि अगस्त माह में नियुक्ति हो जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 1996 से उनका संगठन मान्यता प्राप्त टीचर्स एसोसिएशन (बेसिक) और बीटीसी पत्राचार बैच 1996 अप्रशिक्षित अध्यापक कल्याण समिति उत्तर प्रदेश ने प्रदेश भर के करीब 4000 से अधिक प्रशिक्षुओं की लड़ाई लड़नी शुरू की थी। जिनकी संख्या घटतेझ्घटते अब 500 के आसपास रह गई है। इन तीन दशकों के दौरान उनके मामले में न्यायालय में बराबर तारीख पर तारीख लगती रही है। इन सभी तिथियां पर वह कोर्ट में पहुंचे हैं और उनका संगठन कभी भी हाई कोर्ट सुप्रीम कोर्ट में नहीं हारा है। लेकिन कुछ अधिकारियों की बदौलत उन्हें आज तक नौकरी नहीं मिली। इस दौरान वर्ष 2022 में उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करने पर शासन और शिक्षा विभाग के तीन वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की। जिससे बचने के लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली लेकिन वहां से ही उन्हें कोई राहत नहीं मिली। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शासन ने केवल कोर्ट में रिट याचिका दायर करने वाले अभ्यर्थियों को ही नौकरी देने का आदेश जारी किया है। गत 7 अप्रैल 2022 को शासन ने रिट संख्या 1152/2012 में टीचर्स एसोसिएशन वाले बीटीसी पत्राचार को रेगुलर बीटीसी के समक्ष माना था और केवल उक्त प्रकरण में याचिका दायर करने वालों को ही शामिल करने की बात कहते हुए इसे दृष्टांत नहीं बनाए जाने का आदेश जारी किया था। उल्लेखनीय की वर्ष 2021 में अनेक अभ्यर्थियों ने नौकरी पाने के लिए हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की थीं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बीटीसी पत्राचार अभ्यर्थियों को बीटीसी पत्राचार से नौकरी पाकर सेवानिवृत हुए बद्रीनारायण जिसमें (प्रमोशन और पेंशन शामिल) का उल्लेख करते हुए सभी लाभ दिए जाने की मांग की गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि बीटीसी पत्राचार अभ्यर्थियों की अगस्त माह में नियुक्ति होगी। साथ ही उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा कि अगर उनके कागजातों में कोई त्रुटि है तो वह उसे सही करा लें, जिससे उन्हें काउंसलिंग में दिक्कत ना हो। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से 20 जून तक अपने आधार कार्ड और बीटीसी पत्राचार के प्रमाण पत्र की प्रति अपने-अपने जिलाध्यक्षों के पास जमा करने के निर्देश दिए हैं।

## बाइक सवार पर हमले के मामले में मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव चढ़ाव में गांव के एक दबंग ने बाइक सवार युवक को लिफ्ट नहीं देने पर बाइक सवार पर दंराती से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था पुलिस ने कई दिन बाद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव चढ़ाव निवासी उमरदीन ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व पीड़ित का पुत्र उस्मान बाइक पर सवार होकर कम पर जा रहा था आरोप है कि गांव के बाहर गांव के ही ज्ञानेंद्र ने पीड़ित के पुत्र को रोक कर लिफ्ट मांगी जब पीड़ित के पुत्र ने बाइक पर लिफ्ट नहीं दी तो आरोपी ने उस पर दंराती से हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया था। शौर-, शराबा होने पर आसपास के लोगों ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया था। पुलिस ने आरोपी ज्ञानेंद्र के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए शांति भंग की धाराओं में चालान किया था। रविवार को पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# निमार्णाधीन मकान में पिलर भरते समय बिजली के करंट से मजदूर झुलसा



वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर का बिजली घर मार्ग पर निमार्णाधीन मकान पर मजदूरी कर रहा एक मजदूर पिलर भरते समय एचटी लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। आसपास के लोगों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के मोहल्ला प्रेम नगर निवासी फुरकान पुत्र इकबाल कस्बे के बिजली घर मार्ग निवासी एक व्यक्ति के निमार्णाधीन मकान में मजदूरी करने के लिए आया था। रविवार को निर्माणधीन मकान में पिलर भरते समय ऊपर से गुजर रही एचटी लाइन में सरिया टच हो गया। पिलर का सरिया टच हो जाने से मजदूर को करंट लग गया और झुलसकर जमीन पर जा गिरा। घायल की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने घायल मजदूर को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया है।

मजदूर के घायल होने की सूचना पर परिजन भी अस्पताल में पहुंच गए और घायल युवक को लेकर मेरठ हायर सेंटर के लिए रवाना हो गए।

## शॉर्ट सर्किट हो जाने से मोबाइल की दुकान में लगी आग



वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर के रेलवे मार्ग पर एक मोबाइल की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई पीड़ित दुकानदार का कहना है कि शॉर्ट सर्किट हो जाने के कारण आग लगी है दुकान में आग लग जाने से लाखों रुपए का सामान जल कर राख हो गया पीड़ित दुकानदार ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर मुआवजे की मांग की है। कस्बा निवासी सरवेज जंग ने नगर के रेलवे मार्ग स्थित राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समीप मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान खोल रखी है। जिसमें पीड़ित नए पुराने मोबाइलों की बिक्री एवं ठीक करने का कार्य करता है। दुकानदार का कहना है कि रात्रि के समय उसकी दुकान में भीषण आग लग गई, आग लग जाने से जब धुआं उठा तो पीड़ित की आंख खुली उसने दुकान का शटर खोल कर देखा तो लगभग लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया था। मौके पर आसपास के लोग भी जमा हो गए जिन्होंने घंटों मशक्कत के बाद आग पर पानी डालकर काबू पाया।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत मीडिया राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया




**धौलपुर राजस्थान ( उत्तम दीक्षित)।** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत शनिवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सुंदरम होटल में मीडिया राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस संवादात्मक कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण को लेकर मीडिया की सशक्त भूमिका को चिन्हित करना और आमजन में जागरूकता फैलाना रहा। इस राउंड टेबल में जिले के प्रमुख प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों के संवाददाताओं एवं पत्रकारों ने भाग लिया और जल संरक्षण अभियान में मीडिया की सक्रिय भागीदारी को लेकर गहन विचार-विमर्श किया।

बैठक में सहायक निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क राजकुमार मीना ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 5 जून से 20 जून तक वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत सघन और बहुआयामी गतिविधियाँ चल रही हैं। अभियान को जल संसाधन, वन, कृषि, शिक्षा, पंचायत राज, शहरी विकास, सामाजिक न्याय आदि विभागों के सहयोग से दैनिक योजनाबद्ध गतिविधियों के रूप में लागू किया जा रहा है। सहायक जनसंपर्क अधिकारी रोहित मित्तल ने अभियान की भूमिका बताते हुए मीडिया से इस पहल को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। उन्होंने अभियान की संरचना और विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जल स्रोतों की सफाई, वर्षा जल संचयन, वृक्षारोपण, जल उपयोग में सतर्कता और स्वच्छता अभियान जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। मीडिया प्रतिनिधियों ने जल संरक्षण को जन-जन तक पहुंचाने के दिए रचनात्मक सुझाव_ मीडिया राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में जिले के मीडिया प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रमुख प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और मीडिया प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि जल संरक्षण संबंधी प्रेरणादायक कहानियों, नवाचारों और प्रयासों को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक के साथ सोशल मीडिया व क्षेत्रीय समाचार माध्यमों के माध्यम से व्यापक रूप से प्रचारित किया जाए। साथ ही यह सुझाव भी सामने आए कि प्राचीन बावड़ियों, कुओं, तालाबों आदि परंपरागत जल स्रोतों की मरम्मत व साफ-सफाई कर उन्हें पुनर्जीवित किया जाए। डॉक्यूमेंट्री एवं विशेष लेख सीरीज के जरिए अभियान को और मुखर एवं दूरगामी बनाया जाए। बैठक के समापन पर सभी मीडिया प्रतिनिधियों ने अपने-अपने मंचों से इस अभियान को समर्थन देने की प्रतिबद्धता जाहिर की। सहायक जनसंपर्क अधिकारी रोहित मित्तल ने सभी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया संवाद की यह प्रक्रिया केवल एक बैठक नहीं, बल्कि एक निरंतर जनसंपर्क संवाद की शुरूआत है।

## पूर्व जिला अटॉर्नी मुल्ख राज मेहता की मानहानि शिकायत पर वकील वी.के. शर्मा के खिलाफ कोर्ट ने समन जारी किए

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) राजीव की अदालत ने पूर्व जिला अटॉर्नी मुल्ख राज मेहता की शिकायत पर टोहाना के वकील वी.के. शर्मा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 499 व 500 (मानहानि) के तहत समन जारी किए हैं। अदालत ने पाया कि आरोपी ने झूठे आरोपों और अपमानजनक शिकायत के जरिए शिकायतकर्ता की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने की कोशिश की। शिकायत में मेहता ने आरोप लगाया कि वी.के. शर्मा ने 24 मई 2021 को हरियाणा के स्वास्थ्य और गृह मंत्री, पुलिस महानिदेशक सहित कई उच्च अधिकारियों को एक शिकायत भेजी, जिसमें मेहता पर झूठे मेडिकल बिलों के जरिए सरकारी धन की हेराफेरी का आरोप लगाया गया।

इस शिकायत को बाद में वकीलों और कोर्ट परिसर में भी वितरित किया गया जिससे मेहता की प्रतिष्ठा धूमिल हुई। मुल्ख राज मेहता ने बताया कि वे वर्ष 1968 से वकालत पेशे में हैं और पूर्व में जिला अटॉर्नी के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह आरोप एक पूर्व सहकर्मी विजय कुमार रीडर के कहने पर लगाए गए क्योंकि उन्होंने विजय कुमार के खिलाफ एक शिकायत दायर की थी। जांच में यह आरोप असत्य पाए गए और विभाग ने वी.के. शर्मा की शिकायत को बंद कर दिया। अदालत ने पाया कि प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों और दस्तावेजों से यह स्त्रश्ल्ल्रूी (प्रथम दृष्टया) प्रमाणित होता है कि आरोपी ने मानहानिपूर्ण इरादे से शिकायतकर्ता की छवि को धूमिल करने की कोशिश की। इस आधार पर अदालत ने आरोपी को 15 जुलाई 2025 को पेश होने के लिए समन जारी किए हैं। यह मामला कानूनी बिरादरी में चर्चा का विषय बन गया है, क्योंकि इसमें अदालत और अभियोजन तंत्र के बीच संबंधों, आंतरिक शिकायतों और प्रतिष्ठा की रक्षा जैसे अहम मुद्दे शामिल हैं।

## नीम करौली बाबा मंदिर के स्थापना दिवस पर ठण्डाई एवं प्रसाद के रूप में मिष्ठान वितरण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** नगर व्यापार संघ बागेश्वर द्वारा नीम करौली बाबा मंदिर के स्थापना दिवस एसबीआई तिराहा पर भक्तों और आमलोगों को ठण्डाई एवं प्रसाद के रूप में मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम किया गया।नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में प्रभु नीम केरोली बाबा की जयकारे के साथ आयोजित कार्यक्रम में भक्तों को मिष्ठान एवं प्रसाद वितरणकिया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने मिष्ठान ग्रहण किया।अध्यक्ष कवि जोशी ने कहा कि लगातार दो सालो से नगर व्यापार संघ बागेश्वर द्वारा कैची धाम मंदिर के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर नगर के व्यापारियों एवम स्थानीय लोगो के सहयोग से ठंडाई और मिष्ठान वितरण का भव्य कार्यक्रम किया जाता है।जो भविष्य में भी भव्य भंडारे के साथ आयोजित कराया जाएगा।सभी भक्तों ने कैंची धाम बाबा से जिले की खुशहाली की कामना की। प्रसाद वितरण कार्यक्रम में उद्योग व्यापार मंडल बागेश्वर सचिव पुष्कर किरमोलिया, उपाध्यक्ष हेम जोशी, सहसचिव,राहुल साह,कोषाध्यक्ष जगदीश कार्की , सुनील पांडे, विपिन लाल साह,जयदीप कुमार योगेश जोशी, प्रकाश पांडे, प्रकाश वाछमी, संस्कार भारती,ललित मोहन जोशी, अज्जू, नवनीत बिष्ट, अंकुर उपाध्याय, पंकज परिहार, सोनू कुमाल्टा, विशाल रावत, दिव्यांशु पिंडारी,अक्षित जख्वाल, ललित मोहन जोशी, अनिकेत, तनिष्क, आदि मौजूद थे।

## अपनों की स्मृति को स्थायी बनाते है पौधे :- बोथरा


वेलकम इंडिया



**बाड़मेर, राजस्थान।** थार नगरी, बाड़मेर को हरा-भरा बनाने को लेकर जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से एक घर एक पौधा अभियान के माध्यम से पौधारोपण किया जा रहा है। जिस कड़ी में रविवार को हम्मीरपुरा स्थित शनि मन्दिर एवं चौबीस गांव भवन परिसर के बाहर सेवानिवृत प्रधानाचार्य चम्पालाल बोथरा, उद्यमी कैलाश मालू झाक एवं संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन के सानिध्य में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में भूरचन्द छाजेड़ व जितेन्द्र छाजेड़ ने अपनी माताजी श्रद्धेया श्रीमती कमलादेवी छाजेड़ की पावन स्मृति में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर के माध्यम से रविवार को भूरचन्द छाजेड़ व जितेन्द्र छाजेड़ ने अपनी श्रद्धेया माताजी की स्मृति में पौधारोपण कर एक नायाब उदाहरण पेश किया। छाजेड़ परिवार ने चौबीस गांव भवन के बाहर परिसर में श्रद्धेया श्रीमती कमला देवी के नाम पौधे लगाकर संरक्षण का संकल्प लिया। अमन ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम से संस्थान आमजन को पौधारोपण के प्रति जागरूक व प्रेरित कर शहर में अलग-अलग स्थानों पर पौधे लगा रही है। इस वर्ष 1500 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। सेवानिवृत प्रधानाचार्य चम्पालाल बोथरा ने पौधारोपण करते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए पौधारोपण करना बहुत ही उत्तम व नेक कार्य है। इसमें हम सबको पूर्ण सहयोग करना चाहिये। वहीं बोथरा ने कहा कि अपनों की स्मृति में लगाएं गए पौधे उनकी स्मृति को स्थायी बनाते है।

## नीट परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम की रोशन

वेलकम इंडिया




**मिजार्मुराद।** सेवापुरी विधानसभा के बीरबलपुर गांव निवासी प्रधानाचार्य रामजी सिंह की भतीजी रितिका सिंह ने राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा नीट यूजी में सफलता हासिल कर क्षेत्र व अपने गांव का नाम रोशन की।रितिका सिंह के पिता संदीप सिंह ने बताया कि लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती ऐसा ही कारनामा एक ग्रामीण क्षेत्र की मेरी पुत्री रितिका ने किया है बिना कोचिंग के ही नीट परीक्षा पास कर परिवार का सिर उचा की है।रितिका कैटेगरी रेंक 4356 रहा उसी खुशी में पूरे मोहल्ले में मिठाई बाटकर खुशी जाहिर किया गया।पिता ने बताया कि रितिका पढ़ाई में पहले से होनहार रही है।रितिका ने सफलता का योगदान बड़े पिता व पिता को दी।

## महिला का मिला शव, हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका

मिजार्मुराद। क्षेत्र के गणेशपुर मुबारकपुर गांव में रविवार की सुबह घर में बने कमरे में चारपाई के पास अनिता देवी उम्र (38) वर्ष पत्नी स्व. गंगा राम का शव पड़ा मिला।सुबह पड़ोसियों ने घटना की सूचना मिजार्मुराद पुलिस को दिया।सूचना पर मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय व खजुरी चौकी प्रभारी प्रीतम तिवारी पहुंच घटना स्थल पर फोरेंसिक टीम के साथ डॉग स्क्वायड बुलाकर जांच पड़ताल करवाए।डॉग स्क्वायड कमरे से बाहर आकर फिर कमरे के पास जाकर बैठ गया।वही आसपास के लोगो ने बताया कि बीते वर्ष महिला के पति का मौत हो गया था उसी समय से महिला शराब की सेवन बहुत ज्यादा मात्रा में करती थी।शनिवार को दोपहर में महिला के जीजा मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी शिव कुमार आए थे।उन्होंने बताया कि अनिता शराब मंगवाई मेरे साथ एक अन्य साथी भी था हम लोग पीकर चले गए।महिला का शव एकदम अकड़ गया था जिससे ये अंदेशा लगाया गया कि महिला शराब के नशे में रात में ही उठी होगी वही गिर गई और हीट स्ट्रोक के चलते महिला की मौत हो गई।

## थाना परिसर के बाहर खड़े वाहन बना रहे मौत का सबब

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे के कैराना मार्ग स्थित थाना परिसर के बाहर विभिन्न मामलों में पकड़े गए सैकड़ो वाहन मुसीबत का सबब बने हुए हैं। करोड़ों रुपए के खड़े वाहन कबाड़ हो रहे हैं व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को शिकायत करते हुए वाहनों को हटवाने की मांग की है। थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में सैकड़ो वाहनों को पकड़कर थाने में खड़ा कर रखा है। थाना परिसर में निमार्णाधीन बिल्डिंग में कार्य प्रगति पर है थाना परिसर में जगह नहीं होने के कारण पुलिस ने सैकड़ो वाहन थाना परिसर के बाहर खड़े कर रखे हैं। पुलिस ने जगह कम होने के कारण वाहनों को ऊपर नीचे तक खड़ा कर रखा है। थाना परिसर में आने-जाने वाले फरियादियों सहित व्यापारी,सामाजिक व नेतागणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। थाना परिसर के बाहर खड़े सैकड़ो की संख्या में वाहन आने जाने वाले लोगों के लिए मौत का सबब बने हुए हैं। करोड़ों रुपए की कीमत के वाहन पुलिस की लापरवाही से कबाड़ हो रहे हैं।रविवार को व्यापार मंडल के अध्यक्ष ईश्वर दयाल कंसल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ऑनलाइन शिकायत करते हुए थाना परिसर के बाहर खड़े वाहनों को हटवाने की मांग की है।

# 24 घंटे में दो लूट करने वाला गैंग गिरफ्तार

मोहम्मद असलम



लखीमपुर खीरी पुलिस ने बाइक और स्कूटी से ओवरटेक कर लूटपाट करने वाले 10 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने सदर कोतवाली क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर दो वारदात की थी। पहली वारदात 12 जून की रात ढाई बजे हुई। दो बाइक और एक स्कूटी पर सवार बदमाशों ने हरिद्वार से लौट रहे सीतापुर निवासी अजय कुमार और उनके दोस्त दीपक को धोबहा गांव के पास रोका। बदमाशों ने दोनों की पिटाई कर मोबाइल, बैग, आधार कार्ड और 8500 रुपये लूट लिए। दूसरी वारदात अगले दिन दोपहर एक बजे थाना नीमगांव के मुकरहटा गांव में हुई। बदमाशों ने रफीक की बाइक रोककर नकदी, मोबाइल और पर्स लूट लिया। पुलिस ने बाइक और स्कूटी के नंबरों के आधार पर मामला दर्ज किया। सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस ने रविवार को सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में विशाल गौतम, विवेक वाल्मीकि, दीपक गौतम, अतुल शुक्ला, रवि, शैलेश कुमार, कुबेर वर्मा, राजा उर्फ सचित्र सिंह, अर्जित वर्मा और शेखर शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से लूटा गया सामान, 5000 रुपये नकद, दो बाइक और एक स्कूटी बरामद की। चोरी की धारा को डकैती में बदलकर सभी आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

# संयुक्त योग महोत्सव सप्ताह के प्रथम दिन पतंजलि वैलनेस सेंटर मे कराया गया योग

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** पतंजलि वैलनेस सेंटेर मोदीनगर एवं आयुष विभाग, गाजियाबाद के संयुक्त योग महोत्सव सप्ताह के प्रथम दिन का कार्यक्रम पतंजलि वैलनेस सेंटेर मोदीनगर में 300 से अधिक व्यक्ति के साथ बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। भारतीय सनातन संस्कृति का गौरव दिवस योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। जिसका श्रेय हमारे ऋषि व मुनि व योगी तपस्वियों से लेकर वर्तमान के योग ऋषि परम पूज्य स्वामी रामदेव महाराज व अन्य योगी आत्मा व योग संगठन के जमीनी कार्यकर्ता एवं अति महत्वपूर्ण हमारे वर्तमान के प्रधानमंत्री को जाता है। पतंजलि वैलनेस सेंटेर मोदीनगर के सेवा प्रमुख स्वामी आरोग्यदेव जी के द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल का प्रदर्शन मंच से किया और मार्गदर्शन में पतंजलि संगठन, पुरुषार्थ क्रांतिकरी संगठन के कार्यकताओं ने दिन-रात मेहनत करके प्रचार प्रसार एवं



उत्तम व्यवस्था नगर वासियों के लिए की। इस कार्यक्रम में हमारे मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉक्टर मंजू सिवाच ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ₹योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है।ह्यएक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य का संदेश सम्पूर्ण मानवता के लिए एक आवश्यक चेतावनी है, जो हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य में जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने योग को जन-जन तक पहुंचाने हेतु पतंजलि संस्थान के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार होता है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अशोक कुमार राना, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज त्यागी , जिला विकाश अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव और आयुष विभाग के चिकित्सा अधिकारी एवं सभी स्टाफ टीम उपस्थिति रही। समाज के अन्य प्रतिष्ठित महानुभावों की उपस्थिति भी रही । जिसमें की मुख्य रूप से अमित अग्रवाल व्यापार संगठन, राजेन्द्र कौशिक, प्रमोद शर्मा (वकील), बबली गुज्जर, पप्पन शर्मा, सुमरेस शर्मा, करतार सिंह भट्टी, प्रेमचंद सैनी, सुमन भट्टी,वीणा शर्मा, मोहिनी कोसारी , करुणा गुलाठी, ललित,रेखा सिंह, बलराम सिंह,सत्य प्रकाश शर्मा , दयावती देवी भूमि दानदाता। मुख्य अतिथि विधायक डॉ मंजू सिवाच ने प्राकृतिक दिनचर्या व योग अभ्यास और सात्विक आहार का महत्व सरल शब्दों में सबके सामने रखा।

# योग सप्ताह शिविर का शुभारम्भ,नित्य करो योग, रहो निरोग- योगाचार्य बी के गुप्ता

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025, जिसका थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगह्न रखा गया है, योग सप्ताह (15 जून से 21 जून 2024) मनाने के अंतर्गत जिलाधिकारी गाज़ियाबाद दीपक मीणा (आइ ए एस ),जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मेन्द्र शर्मा एवं कॉलेज प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल के निदेर्शों के अनुक्रम में रविवार को भारतीय योग संस्थान मोदीनगर के योग प्रशिक्षकों द्वारा भारतीय संस्कृति के द्धोतक योग की जागरूकता व इसके प्रचार प्रसार के साथ साथ पर्यावरण के लिए जीवन शैली का अनुकरण करने के क्रम में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग योगाभ्यास शिविर का शुभारंभ स्थानीय डॉ० के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में किया गया। जिसमें विद्यालय के एन सी सी कैडेट्स, छात्रों एवं प्रबुद्धजनों ने प्रतिभाग कर योग की महत्ता को अंगीकार करते हुए आमजन को अपने जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। भारतीय योग संस्थान मोदीनगर के जिला संगठन मंत्री बी के गुप्ता द्वारा सभी को योग की बारीकियों से अवगत कराते हुए प्रोटोकोल के अंतर्गत योग क्रियाएं सम्पन्न कराई गई। इस दौरान स्थानीय योग प्रशिक्षक धनेश कुमार त्यागी, राजेश सिंगल, विकास गुप्ता, करमवीर, देवेंद्र त्यागी, यशवीर डोलिया नरेश कुमार शर्मा आदि योग शिक्षकों के नेतृत्व में छात्रों एवं अभिभावकों ने योग अभ्यास किया।कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर एवं अध्यक्षता राजेश सिंघल ने की।कार्यक्रम संचालन के दौरान कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने सभी आगुन्तको का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए सभी को योग शिविर के भव्य उद्घाटन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी आर के सिंह , लैफ्टिनेंट राजीव जांगिड़,संजीव चौधरी, रविन्द्र शर्मा, डा योगेन्द्र सिंह,डा नरेश कुमार, लाल मोहन सिंह, राजीव कुमार ,मौ इरशाद, सुनील कुमार, निर्दोष सिंगल, नत्थू सिंह त्यागी ,श्रद्धानंद शर्मा, ब्रजेश त्यागी, सतीश कुमार, नितिन नेहरा, आशुतोष, विकास कुमार के अतिरिक्त छात्रों एवं एन सी सी कैडेट्स का विशेष योगदान रहा।

# बेटी बचाओ अभियान ने दो बेटियों का विवाह बहुत धूमधाम से किया-हरीश चन्द्र आजाद



वेलकम इंडिया

**फरीदाबाद।** आज बेटी बचाओ अभियान ने दो बेटियों रानी कुमारी और रितिका का विवाह सोनू व नितिन से धूमधाम से ढोल नगाड़ों के साथ रिति रिवाज के साथ लक्ष्मी नारायण मन्दिर सैक्टर 14 में सम्मपन किया जिसमें समाजसेविका नीतू मान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। एक कन्या का कन्याओं का कन्यादान संस्था के चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा व दूसरी कन्या का कन्यादान संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने विधिवत तरीके से किया। मुख्य अतिथि नीतू मान को बेटी बचाओ अभियान की टीम ने स्मृति चिन्ह व शाल ओढकर सम्मानित किया। नीतू मान ने कहा कि बेटियाँ दो घरों का नाम रोशन करती हैं।उन्होंने कहा कि जिस तरह से इस संस्था ने बेटियों का विवाह बहुत धूमधाम व विधिवत तरीके से किया है वह बहुत ही सराहनीय है। चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा के बेटियों का कन्यादान करते हुए और बेटियों की विदाई के समय दुल्हों से कहा कि यह दोनों हमारी बेटियाँ हे जिनका बेटी बचाओ अभियान जैसा बहुत बड़ा परिवार है अब इन बेटियों की जिम्मेवारी हम आप दुल्हों के हाथ सौंप रहे हैं। संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने विवाह समारोह की सफलता का श्रेय बेटी बचाओ अभियान की पूरी टीम को देते हुए कहा कि हम खुशनसीब हैं कि हमारे पास इतनी मेहनती टीम है इसके साथ उन सभी सहयोगियों का धन्यवाद भी किया जिन्होंने इस कार्य में सहयोग किया।

# मोदी आईफा आर्ट गैलरी द्वारा कलाकारों को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** गैलॉर्ड बिल्डिंग स्थित मोदी आईफा आर्ट गैलरी में आयोजित कला प्रदर्शनी के सातवें दिन मोदी आईफा गैलरी द्वारा कलाकारों को सम्मानित किया गया । आज के कार्यक्रम के अतिथिगण मोहित जैन( नागिन पब्लिकेशन मेरठ) एवं आईफा संस्थान की सचिव नंदिनी मल्होत्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । मोदी आईफा आर्ट गैलरी में जिन कलाकारों ने अपनी स्व- निर्मित कलाकृतियों को प्रदर्शित किया था। उन सभी कलाकारों को भागीदारी प्रमाण पत्र, गैलरी का कैटलॉग एवं प्रतीक चिन्ह देकर अतिथिगणों द्वारा सम्मानित किया ।इस प्रदर्शनी में 40 कलाकारों द्वारा अपनी स्व-निर्मित कलाकृतियां का प्रदर्शन किया । जिसमें डॉ महावीर सिंह, डॉ रीता मोहन , सुनील कुमार, अरुंधति




महतो, अमित कुमार, डॉ. रूचि विद्यार्थी, शीतल रानी, बद्रीनाथ सतपथी, अंकित कुमार, ऋतिक चपराना, विशाल चतुवेर्दी, मनीष राज, चंचल ठाकुर, आदित्य, अवंतिका, रिया गौतम, तन्मय गुप्ता, कशिश, करण आर्य , स्वीटी, नव्या शर्मा, कशिश वर्मा, पारुल, आयुषी, शिवांगी शर्मा, पूनम, मेघा दीक्षित, मुस्कान, अंश कुमार, राशी, सिद्धार्थ गौतम, आकाश तोमर, खुशी गिरधर, नैना हाल्दानिया, स्वीटी माहली, सुप्रिया कुमारी, प्रशांत झा ने अपनी स्व- निर्मित कलाकृतियों को प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया। यह प्रदर्शनी 9 जून 2025 से प्रारंभ हुई थी इस प्रदर्शनी को देखने के लिए कला शिक्षक, स्कूल के प्रिंसिपल, कला प्रेमी , छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक, सामाजिक संस्थाएं, राजनीतिक पार्टियों के नेता आदि की अपार भीड़ थी दर्शक पेंटिंगो को काफी अच्छी कीमत पर खरीद रहे हैं जो इस गैलरी की लोकप्रियता को दशार्ता है संस्थान की सचिव नंदनी मल्होत्रा ने इस मोदी आईफा आर्ट गैलरी को बनाने एवं इस शानदार मुकाम तक पहुंचाने के लिए डॉ.संघर्ष शर्मा एवं उनकी टीम को धन्यवाद किया । संस्थान के मैनेजर डॉ. संघर्ष शर्मा ने बताया यह गैलरी नए उभरते कलाकारों के लिए एक कला मंच प्रदान करने के लिए यह गैलरी सेठ सतीश कुमार मोदी एवं आभा मोदी के सौजन्य से स्थापित की इस आर्ट गैलरी को बनाने में एवं प्रदर्शनी को सफल बनाने में संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी भोतेंद्र कुमार, अमित कुमार बंसल, डॉ. रूचि विद्यार्थी, प्रीति शर्मा, दीपांशु, आभा शर्मा, शीतल, प्रशांत झा, सोनू, सतीश यादव आदि का विशेष सहयोग रहो आज की कार्यक्रम में आर.सी शर्मा , भाजपा नेता प्रदीप बॉस भी उपस्थित थे।

# नीट प्रवेश परीक्षा में छात्र सक्षम गर्ग ने 1160 वी रैंक प्राप्त कर किया नगर का नाम रोशन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** महेश पार्क निवासी अनुज कुमार गर्ग के सुपुत्र सक्षम गर्ग ने नीट प्रवेश परीक्षा 2025 में 1160 वी रेंक प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं नगर का नाम रोशन किया है। सक्षम गर्ग ने नीट प्रवेश परीक्षा 2025 में 720 में से 603 अंक प्राप्त किया। ऑल इंडिया रैंक में सक्षम गर्ग की 1160 वी रैंक आई है। इस परीक्षा में 23 लाख बच्चों ने परीक्षा दी थी। प्रतिभाशाली छात्र सक्षम गर्ग ने सेंट टेरेसा स्कूल मोदीनगर से शिक्षा प्राप्त की। 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2024 में भारत के टॉप 2000 बच्चों में सक्षम गर्ग का नाम आया था। सक्षम गर्ग ने 12 बोर्ड परीक्षा में 97.75 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल टॉप किया था। पिता अनुज कुमार गर्ग का कहना है कि यह उनके पुत्र की मेहनत का रंग है। प्रतिभाशाली छात्र को नगर के गणमान्य लोगों विधायक डॉ मंजू सिवाच,पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व पालिका अध्यक्ष राम आसरे शर्मा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल, वरिष्ठ नेता सुदेश जैन,पूर्व सांसद प्रतिनिधि विनोद गोस्वामी, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीरज त्यागी, डॉक्टर पवन सिंघल रामकिशोर अग्रवाल समाजसेवी अजय कुमार आदि ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# मोदी के नेतृत्व में भारत बना विश्व की चौथी अर्थ शक्तिः सत्येंद्र पाराशर



वेलकम इंडिया

**बाड़ी धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** विधानसभा के भाजपा मंडल बिजौली के अंतर्गत संकल्प से सिद्धि तक कार्यशाला का भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर के आथित्य में आयोजन किया गया मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन, विशिष्ट अतिथि दिनेश बाघ थरिया रहे कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल संयोजक ऋषिपाल सिंह बिधूड़ी ने की एवं मंच संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह गुर्जर ने किया। कार्यशाला का आयोजन श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता व, दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र के समझ दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि सत्येंद्र पाराशर ने अपने उद्बोधन में कहा कि आधुनिक भारत के शिल्पी व देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पुनः विश्व गुरु बनने की ओर चल पड़ा है मोदी सरकार ने विकसित भारत के संकल्प के साथ कई नए लक्ष्य तय किए हैं उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और केंद्र सरकार ने हर पहलू, हर क्षेत्र और हर वर्ग के उत्थान का ध्यान रखा है इसी कारण ही आज वैश्विक अस्थिरताओं के बावजूद भी भारत स्थिरता का मजबूत केंद्र बना रहा है जादौन ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी राष्ट्र प्रथम नीति के आधार पर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास थीम पर कार्य कर रहे हैं उन्होंने राष्ट्र के उत्थान के लिए अपने समर्पण भाव एवं संकल्प से सिद्धि तक के 11 साल के अंतर्गत भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाने का कार्य किया है सीएम भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकसित राजस्थान, हरित राजस्थान, खुशहाल व समृद्ध राज्य बनने की ओर बढ़ रहा है मंडल के पदाधिकारी कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हमको पीएम मोदी व सीएम भजनलाल शर्मा के द्वारा जो जनकल्याणकारी योजना चलाई जा रही है उनको गांव-गांव एवं हर घर तक ले जाकर उनका प्रचार और प्रसार करना है कार्यशाला में पधारे सभी पदाधिकारी व कार्यकताओं का मंडल संयोजक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सर्वधर्म सभा द्वारा निर्धन कन्या का विवाह संस्कार सम्पन्न कराया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर की जानी मानी सामाजिक संस्था ₹सर्वधर्म सभा₹ द्वारा रविवार को छतरी वाले शिव मंदिर में एक निर्धन कन्या का विवाह संस्कार सम्पन्न कराया गया ।सामाजिक संस्था ₹सर्वधर्म सभा₹ की स्थापना मोदीनगर के प्रमुख उद्योगपति और समाजसेवी ₹मोदीनगर रत्न₹ स्व. सतीश कुमार गुप्ता जी ने की थी। तब से ही यह संस्था समाज-कल्याण के विभिन्न कार्यों में जुटी है ।अभी हाल ही में ₹मोदीनगर सेवा रत्न₹ सम्मान से सुसज्जित ₹सर्वधर्म सभा₹ के संरक्षक श्री संदीप गुप्ता और वरिष्ठ कार्यकर्ता - डॉ. आशाराम गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया की सभा सुयोग्य गरीब कन्याओं का विवाह- आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त कन्या के परिवार को जाँच परख कर करती है। यह संस्था द्वारा कराया गया



86वाँ विवाह संस्कार हैं। ₹ यह कार्य समाज के सभी लोगों की भागीदारी के द्वारा ही सम्पन्न होता है। इसमें कोई भी इच्छुक व्यक्ति अपनी सेवाएं किसी भी रूप में दे सकता है। नवयुगल दम्पति को आशीर्वाद देने वालों में राम किशोर अग्रवाल, विधायक श्रीमती मंजू शिवाच, मंजीत चौधरी, संतोष अरोड़ा, जगरानी गौतम, बसंत शर्मा, रूप चंद शर्मा, प्रमोद कुमार गुप्ता, नरेश अग्रवाल, महेन्द्र पंत जी, सुरेन्द्र गुप्ता, बालक राम कश्यप, महेन्द्र शर्मा, सहस्त्र पाल सिंह, वेद प्रकाश गुप्ता, लाजपत राय बंसल, दिनेश चंद्र शर्मा, नवीन जायसवाल, शेखर पंत, विजय जी, देवी शरण गर्ग सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।

# भारत सरकार द्वारा पिछले 11 वर्षों में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर देहात मंडल के मोहम्मदपुर आमद बागपत गांव में भारत सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर एक सफल मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक डॉक्टर मंजू सिवाच उपस्थित रही। उनके साथ ही जिला उपाध्यक्ष अमित चौधरी हमारे दूसरे जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीरज त्यागी, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र त्यागी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश त्यागी ने भी सभा को संबोधित किया और भारत सरकार द्वारा पिछले 11 वर्षों में किए गए कार्यों के बारे में सभी ग्रामीण और पदाधिकारी को जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप



से महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष निधि चौधरी मंडल उपाध्यक्ष सीमा चौधरी जिला उपाध्यक्ष पिंकी चौधरी मंडल महामंत्री दुर्गेश, प्रीति कुमारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण त्यागी जी मंडल महामंत्री कृष्ण शर्मा जी कनक सिंह त्यागी जी आईटी संयोजक अमित शर्मा, जिला प्रतिनिधि अमित शर्मा, विधायक प्रतिनिधि करणवीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय भदोला,और बहुत बड़ी मात्रा में कार्यकर्ता और ग्राम वासी उपस्थित हुए बैठक का संचालन मंडल अध्यक्ष सचिन त्यागी के द्वारा किया गया ।

# गांव भाटला में एससी समाज के ग्यारह लोगों ने गांव का माहौल खराब होने की बात कह गांव से किया पलायन

वेलकम इंडिया

**हांसी ।मनमोहन शर्मा।** सामाजिक बहिष्कार के लिए गांव भाटला में दलित समुदाय के 11 लोगों ने गांव में सामाजिक बहिष्कार के आरोपियों से जान व माल के संभावित खतरे के चलते गांव भाटला से पलायन कर दिया है। गांव से पलायन करने वालों में से एक दलित जय भगवान ने बताया कि गांव में आज भी माहौल सामान्य नहीं है तथा भाटला में दलितों के साथ कभी भी कोई घटना घट सकती है। जब से सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी ने गांव का दौरा किया है तथा पीड़ितों के बयान लिए हैं तब से गांव में माहौल तनावपूर्ण हो गया है। हांसी सदर थाना के एसएचओ ने भी आज तक गांव का दौरा नहीं किया है पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए पलायन करने वालों ने कहा कि जब भी दलितों के साथ कोई घटना होती है तो पुलिस मुख्य दर्शक बनी खड़ी रहती है।

पुलिस की कार्यशाली पर सवाल खड़े करते हुए भाटला दलित संघर्ष समिति के सदस्य विकास भाटला, अजय भाटला, सचिन चोपड़ा तथा राजेश कुमार , गुलाब सिंह , सुनील ने कहा हाल में ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित जांच टीम ने दो चरणों में भाटला सामाजिक बहिष्कार प्रकरण में दर्ज मामलों की सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पुनः जांच की थी तथा कई बार गांव का दौरा भी किया था तथा करीबन 300 से अधिक दलितों के बयान भी दर्ज हुए थे जिसमें तथाकथित ऊंची जाति के ग्रामीणों के दबाव के बावजूद दलित समाज के लोगों ने टीम को बताया था कि पिछले 7-8 सालों से उनका सामाजिक बहिष्कार चल रहा है तथा पुलिस अधिकारियों ने हमेशा सामाजिक बहिष्कार करने वालों की मदद की है तथा आज भी गांव में माहौल तनावपूर्ण है। उन्होंने बताया कि टीम की जांच के आखिरी दिन हांसी विश्रामगृह में गांव भाटला के भाईचारा कमेटी के तथाकथित उच्च जाति के लोगों ने मीडिया कर्मियों से बहस की थी तथा पीड़ितों के वकील रजत कल्सन जो जांच टीम को कुछ दस्तावेज सौंपने आये हुआ थे, उनको देखकर भाईचारा कमेटी के लोगों ने कहा कि इस काले कोट वाले ने और मीडिया वालों ने हमारे गांव का नाश कर दिया तथा इस काले कोट वाले रजत कल्सन को तो हम जिंदा जलाएंगे , संघर्ष समिति के सदस्यों ने बताया की इस दौरान वे मोके पर मौजूद थे तथा हमने तुरंत थाना शहर हांसी के एसएचओ को शिकायत भी दी थी लेकिन एसएचओ ने आज तक इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित टीम को अपने बयान दर्ज करने वाले मीर सिंह ने भी पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि हाल में ही जब सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित टीम हांसी के विश्राम गृह में बयान दर्ज कर रही थी तब उसको विश्राम गृह के सामने जाट धर्मशाला में बैठे गांव भाटला के दो तथागत ऊंची जाति के लोगों ने यह कहकर धमकाया था कि वे लोग यह देखने आए हैं कि गांव का कौन-कौन दलित यहां पर बयान देने आ रहा है अगर उन्होंने हमारे खेतों के आसपास फटकने की कोशिश की तो उनकी टांगें काट दी जाएगी। पीड़ित मीर ने बताया कि उसने यह सारी बातें सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित जांच टीम को विश्राम गृह हांसी में जाकर बताई तथा जांच टीम ने तुरंत पुलिस भेजकर धमकी देने के दोनों आरोपियों को अपने पास बुलाया जहां पर दोनों उच्च जाति के ग्रामीणों ने कबूल किया कि उन्होंने धमकी दी थी और उनसे गलती हुई है।





# आरडीसी स्थित नाथू स्वीट्स में एक गोष्ठी का आयोजन








**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन प्रताड़ना जागरण दिवस के अवसर पर समिति द्वारा आरडीसी स्थित नाथू स्वीट्स में एक गोष्ठी का आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ जे एल रैना की अध्यक्षता में किया गया समिति के कार्यकलापों की सूक्ष्म रिपोर्ट सचिव श्री एल डी शर्मा द्वारा दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती अनुजा श्रीवास्तव रहीं गोष्ठी के संचालक श्री वी पी रस्तोगी ने समिति के वरिष्ठ सदस्य श्री वी के शर्मा जी से मुख्य अतिथि का सदन में परिचय देने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि ने विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सदस्यों को सामाजिक और कानूनी पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया वर्तमान में परिवारों में आपसी रिश्तों में न तो मधुरता रही और न ही संस्कारगत सामंजस्य घर के बुजुर्गों पारिवारिक उपेक्षा तथा हिंसा का शिकार होना पड़ रहा है ऐसे कुछ घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि घर के बुजुर्गों अपने प्रति हुई हिंसा और उपेक्षा का जिक्र घर से बाहर करने से भी कतराते हैं इसके पीछे घर की बदनामी का डर भी हो सकता है यह भी कि उन्हें इस संबंध सरकार द्वारा बनाए गए कानूनों की जानकारी का अभाव का होना इस सबसे बचने के लिए वरिष्ठ नागरिकों को अपने अधिकारों और कानूनों की भली भांति समझने की जरूरत है। इससे उनकी अनेक समस्याओं का समाधान स्वत संभव हो सकता है। सभा में उपस्थित कुछ सदस्यों हरि पाल सिंह, बी जी शर्मा, नरेश जी तथा डी के शर्मा ने भी अपने विचारों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि एवं सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ रैना ने सभी से गोष्ठी में हुई विस्तृत चर्चा से जानकारी बढ़ा कर लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं के समाधान के प्रति जागरूक रहें। गोष्ठी आयोजकों सफलता में मुख्यतः आर एन सक्सेना, रमेश अरोड़ा, आदि ने भी अपना भरपूर योगदान दिया।

# भीषण गर्मी से जूझ रहे राहगीरों के लिए राहत का इंतजाम, चौराहों पर ग्रीन नेट

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** गर्मी का पारा चढ़ते ही गाजियाबाद नगर निगम सक्रिय हो गया है और जनता को राहत देने के लिए कई मोर्चों पर एक साथ काम कर रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नगर निगम की विभिन्न टीमें पानी की आपूर्ति, ग्रीन नेट लगाने और प्याऊ स्थापित करने जैसे इंतजामों में जुटी हुई हैं। शहर के प्रमुख चौराहों जैसे हापुर चुंगी, ठाकुरद्वारा और वसुंधरा रेड लाइट पर ग्रीन नेट लगाए गए हैं ताकि धूप में रेड लाइट पर खड़े राहगीरों को कुछ राहत मिल सके। निर्माण विभाग द्वारा अन्य व्यस्त चौराहों पर भी ग्रीन नेट लगाने का कार्य तेजी से जारी है। गर्मी से राहत के लिए शहरभर में 55 से अधिक स्थानों पर मटके वाले प्याऊ लगाए गए हैं। इन प्याऊ में प्रतिदिन टैंकरों द्वारा शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। नगर निगम ने इन अस्थायी प्याऊ पर पानी पिलाने वालों की ड्यूटी भी लगाई है ताकि व्यवस्था सुचारु बनी रहे। नगर आयुक्त ने बताया कि सभी जोनों के मुख्य मार्गों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है ताकि धूल और गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिल सके। साथ ही उद्यान विभाग को पार्कों की सफाई और पेड़-पौधों को नियमित जल देने के निर्देश भी दिए गए हैं। शहरवासियों से बेजुबान पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करने की मानवीय अपील की गई है। हर घर को छत या बाहर किसी बर्तन या बाल्टी में पानी रखने के लिए कहा गया है ताकि ये प्यासे जीव भीषण गर्मी में जीवन बचा सकें। कई सामाजिक संस्थाएं भी इस दिशा में सक्रिय हैं और पशु-पक्षियों के लिए जल सेवा कर रही हैं। नगर निगम के अनुसार, 6500 हैंडपंप और 1300 नलकूप के माध्यम से जल आपूर्ति की जा रही है।

# अंशिका ने नीट में हासिल की शानदार सफलता, 1242वीं रैंक से नाम किया रोशन

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद शहर की एक और होनहार बेटी ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से राष्ट्रीय स्तर पर गाजियाबाद का नाम रोशन कर दिया है। अंशिका अग्रवाल ने प्रतिष्ठित नीट (ठएएळ) परीक्षा को पहले ही प्रयास में शानदार प्रदर्शन करते हुए 1242वीं ऑल इंडिया रैंक प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में गर्व की लहर है। अंशिका के पिता श्री राहुल कुमार अग्रवाल गुरुग्राम में उप महाप्रबंधक (ऊऋृट) पद पर कार्यरत हैं, वहीं माता श्रीमती वंदना अग्रवाल एक कुशल गृहिणी हैं। परिवार ने बेटी की पढ़ाई में हर संभव सहयोग दिया और उसका मनोबल हमेशा ऊंचा रखा। शैक्षणिक पृष्ठभूमि की बात करें तो अंशिका ने अपनी 10वीं की पढ़ाई जयपुरिया स्कूल, वसुंधरा से वर्ष 2023 में पूरी की। इसके बाद उन्होंने दिल्ली से डमी स्कूलिंग करते हुए 2025 में 12वीं कक्षा में 95% अंक प्राप्त किए। इसके साथ ही वह दो वर्षों तक दिल्ली के प्रतिष्ठित आकाश इंस्टिट्यूट, प्रीत विहार से नीट की कोचिंग लेती रहीं। अंशिका की पढ़ाई की रणनीति बेहद अनुशासित रही। वह प्रतिदिन 6 से 8 घंटे नियमित रूप से अध्ययन करती थीं और किसी भी तरह की छुट्टी या शॉर्टकट से दूर रहीं। उन्होंने बताया कि इंस्टिट्यूट के अनुभवी शिक्षकों से उन्हें पूरा मार्गदर्शन और सहयोग मिला, जिससे उन्हें परीक्षा की तैयारी में काफी मदद मिली। अंशिका का सपना है कि वह भविष्य में एक प्रख्यात न्यूरो सर्जन बने और समाज की सेवा करे। गाजियाबाद की इस प्रतिभावान बेटी की सफलता से न केवल परिवार, बल्कि समूचे शहर में हर्ष और गर्व का माहौल है। शिक्षा जगत और सामाजिक संगठनों द्वारा भी अंशिका को बधाई संदेश मिल रहे हैं।

# बेकाबू सम्पत्ति कर से जनता त्रस्त, पार्षदों ने सांसद और विधायक से मांगा समाधान

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा अचानक और अत्यधिक बढ़ाए गए सम्पत्ति कर ने शहरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। ऑनलाइन पोर्टल पर कर की नई दरें देखने के बाद लोग सकते में हैं, क्योंकि कुछ क्षेत्रों में टैक्स दोगुने से भी अधिक बढ़ गया है। इस मुद्दे को लेकर शहर के एक दर्जन से अधिक पार्षदों ने शनिवार को सांसद अतुल गर्ग और सदर विधायक संजीव शर्मा से मुलाकात की और जनता की परेशानी उनके सामने रखी। बैठक में पार्षदों ने बताया कि आम आदमी पहले से ही महंगाई और आर्थिक दबाव से जूझ रहा है, ऐसे में इतना अधिक सम्पत्ति कर देना उसके लिए असंभव सा हो गया है। पार्षदों ने नगर निगम की इस कार्रवाई को जनविरोधी करार देते हुए तत्काल संशोधन की मांग की। सांसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा ने पार्षदों की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि वे इस विषय पर नगर निगम प्रशासन से बातचीत कर आवश्यक कदम उठाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन पर अतिरिक्त बोझ किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और शीघ्र ही इसका संतुलित समाधान निकाला जाएगा। बैठक में पार्षद नीरज गोयल, राज कुमार नागर, अमित त्यागी, देव नारायण, कन्हैया लाल, पूनम सिंह, राज कुमार, गोपाल, अजीत निगम, ओम प्रकाश ओढ़, संतोष सिंह राणा और थान सिंह सहित अन्य पार्षद भी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में इस टैक्स वृद्धि को वापस लेने की मांग की। जनता की उम्मीदें अब जनप्रतिनिधियों पर टिकी हैं और आने वाले दिनों में नगर निगम की अगली कार्रवाई पर सबकी निगाहें रहेंगी।

# हिंडन एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में तकनीकी खराबी, कैंसिल



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानों की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से गोवा के लिए रवाना होने वाली फ्लाइट नंबर 9-1511 उस वक्त रुक गई, जब रनवे तक पहुंचने से पहले ही उसमें तकनीकी खराबी का पता चला। विमान को तत्काल रोक दिया गया और उड़ान को रद्द कर दिया गया। यह फ्लाइट कोलकाता से हिंडन एयरपोर्ट पर उतरी थी और वहां से गोवा रवाना होनी थी। लेकिन जैसे ही टेकऑफ की प्रक्रिया शुरू हुई, तकनीकी टीम ने विमान में गंभीर खामी की सूचना दी। करीब 100 यात्रियों से भरे इस विमान की उड़ान रद्द होने की खबर मिलते ही यात्रियों में अफरा-तफरी और घबराहट फैल गई। घटना के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि यह देरी विमान में आई तकनीकी खराबी के कारण हुई। यात्रियों को टिकट रद्द करने, पूरी राशि वापसी और निःशुल्क रि-शेड्यूलिंग की पेशकश की गई है। एयरलाइन ने असुविधा पर खेद जताया है।

## ओवरलोड ट्रांसफार्मर बार-बार फुंक रहे, भोपुरा चौक पर फूटा आक्रोश

**गाजियाबाद।** भीषण गर्मी में नो कट जोन कहे जाने वाले ट्रांस हिंडन क्षेत्र में बिजली संकट ने लोगों को त्रस्त कर दिया है। बिजली विभाग के मेंटनेंस के तमाम दावे हर साल की तरह इस बार भी कागजों तक सीमित रह गए हैं। हालत यह है कि भोपुरा, कृष्ण विहार, कुटी कॉलोनी, वसुंधरा, वैशाली और शालीमार गार्डन सहित कई इलाकों में छह से सात घंटे तक बिजली गुल रहना अब आम बात हो गई है।

शुक्रवार को कृष्ण विहार कुटी कॉलोनी में बिजलीघर के पास लगे 400 केवीए के ट्रांसफार्मर ने ओवरलोड के चलते काम करना बंद कर दिया। रात भर बिजली नहीं आई। शनिवार शाम को जैसे-तैसे नया ट्रांसफार्मर लाया गया, लेकिन वह भी एक घंटे बाद फुंक गया। इस पर नाराज स्थानीय लोगों ने शनिवार रात भोपुरा चौक पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया।

# कैलाश यात्रा का पहला जत्था हुआ रवाना

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** पांच वर्षों के लंबे इंतजार के बाद उत्तर प्रदेश की पावन भूमि से एक बार फिर कैलाश मानसरोवर यात्रा का शुभारंभ हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आध्यात्मिक दृष्टि और सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण का यह परिणाम है कि रविवार को इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से शिवभक्तों के पहले जत्थे को भव्य आयोजन के साथ भावभीनी विदाई दी गई। डमरू, तुरही और मृदंग की शिवमय ध्वनि के बीच 39 तीर्थयात्री हर हर महादेव के जयघोष करते हुए पवित्र यात्रा पर रवाना हुए। विदाई समारोह में उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, आचार्य प्रमोद कृष्णम, प्रमुख सचिव धर्मार्थ कार्य एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम, जिलाधिकारी दीपक मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर विदा किया। विशेष शैव आराधना के साथ प्रारंभ हुए इस आयोजन में पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ध्वनि और श्रद्धालु शिवभक्तों की उत्साहवर्धक उपस्थिति ने वातावरण को शिवमय बना दिया। ढोलक, मृदंग, डमरू और तुरही की लय पर हर हर महादेव के उद्घोष ने यात्रियों को दिव्य ऊर्जा से भर दिया। मंत्री जयवीर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि यह यात्रा केवल तीर्थयात्रा नहीं, बल्कि योगी सरकार की सनातन परंपराओं को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की धर्मनिष्ठ प्रतिबद्धताओं की सराहना करते हुए इसे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण बताया। सांसद अतुल गर्ग ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं दीं।

## भ्रष्टाचार के घेरे में दोबारा आए हेड कांस्टेबल, मीडिया में मामला आने के बाद हड़कंप

**गाजियाबाद।** यातायात विभाग में तैनात हेड कांस्टेबल सचिन दहिया को एक बार फिर भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते पद से हटा दिया गया है। चालान के नाम पर रिश्वत लेने और सीज वाहनों को पैसे लेकर छोड ? जैसे गंभीर आरोपों की जांच का जिम्मा अब एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन अहमद को सौंपा गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि सचिन दहिया को पूर्व पुलिस कमिश्नर ने पहले ही ऐसे ही आरोपों के चलते हटाया था, लेकिन विभागीय फेरबदल के दौरान उन्हें फिर से उसी पद पर वापस बैठा दिया गया। एडीसीपी ट्रैफिक का प्रभार जब सच्चिदानंद के पास आया, तभी से दहिया की दोबारा तैनाती पर विभाग के अंदर असंतोष था, लेकिन कोई खुलकर सामने नहीं आया।

# आधार, आयुष्मान और नेत्र जांच सेवा ने बढ़ाया विश्वास



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी के मार्गदर्शन में रविवार को एक जनसेवाभावी शिविर का आयोजन किया गया जिसने क्षेत्रीय जनता को एक ही स्थान पर तीन प्रमुख सेवाओं का लाभ दिलाकर एक उदाहरण प्रस्तुत किया। यह शिविर डाक विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा सेक्टर-2 वेव सिटी स्थित डीसी कंस्ट्रक्शन एंड प्रमोटर परिसर में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक आयोजित किया गया। शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, वहीं 18 वर्ष तक की उम्र के बच्चों के नए आधार कार्ड तैयार किए गए। साथ ही सभी आयु वर्ग के लोगों के आधार कार्ड में सुधार की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही श्रेया आई सेंटर इंदिरापुरम की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच की व्यवस्था भी की गई, जिसमें सैकड़ों नागरिकों ने अपनी आंखों की जांच कराई। शिविर का विधिवत उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने ऐसे शिविरों को जनसेवा की सच्ची मिसाल बताते हुए कहा कि सरकार और समाज यदि मिलकर कार्य करें तो हर व्यक्ति तक सेवा पहुंचाई जा सकती है। उन्होंने राष्ट्रीय व्यापार मंडल की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनता के लिए उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में यह शिविर एक अत्यंत सार्थक प्रयास है। उन्होंने संगठन की ओर से पंडित अशोक भारतीय और पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ही समाज में सेवा भाव का विस्तार होता है।

# राजनगर में संपन्न हुआ प्रेरणादायक योग एवं वृक्षारोपण उत्सव

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** राजनगर सेक्टर-4 स्थित मानव औषधि पार्क रविवार की सुबह एक आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय जागरण का साक्षी बना, जब अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान के सौजन्य से योगाभ्यास के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य योग एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रातः 5:30 बजे आरंभ हुए इस आयोजन में भारत विकास परिषद (मुख्य शाखा) ने सह-आयोजक की भूमिका निभाई और योग, प्रकृति और सेवा के त्रिवेणी संगम को साकार किया। कार्यक्रम की शुरूआत हनुमान चालीसा के भक्तिपूर्ण पाठ और श्रीमती सुधा देवी द्वारा प्रस्तुत विशेष योग गीत से हुई, जिसने उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात वरिष्ठ योग साधक डॉक्टर आर. के. पोद्दार के निर्देशन में योग सत्र का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में योग साधकों ने सहभागिता की और वर्षों की साधना के इस चरण को आत्मसात किया। इस आयोजन की विशेष पहल में साधक प्रदीप चौधरी एवं बीना चौधरी द्वारा 21 औषधीय और फलदार पौधों का एक विशेष बंच वरिष्ठ साधक डॉ. पोद्दार एवं योग शिक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट को भेंट किया गया। प्रत्येक पौधा किसी न किसी योग साधक के माता या पिता को समर्पित किया गया, जिससे यह वृक्षारोपण केवल पर्यावरणीय पहल ाहीं, बल्कि भावनात्मक श्रद्धांजलि और सांस्कृतिक पुर्नस्थापना बन गया। कार्यक्रम में अमरूद, आम, नीम, आंवला, बेलपत्र, हरश्रृंगार, जामुन, कचनार, आडू, आलूबुखारा, बुटेल व कंजी सहित अनेक औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। भारत विकास परिषद की ओर से भी पौधे उपलब्ध कराए गए और समस्त साधकों को अल्पाहार एवं स्वास्थ्यवर्धक जीरा बटर मिल्क वितरित किया गया, जिससे यह आयोजन संपूर्ण स्वास्थ्य जागरूकता का प्रतीक बन गया।

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार, फरार लुटेरों की तलाश जारी

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** टीलामोड़ क्षेत्र में शनिवार रात एक सनसनीखेज मुठभेड़ में दो कुख्यात लुटेरे पुलिस की गोली से घायल हो गए। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अस्पताल भेजा गया है। उनके पास से 7.5 लाख नकद, अवैध हथियारों का जखीरा और एक स्कॉर्पियो कार बरामद हुई है। यह वही गाड़ी है जिसका इस्तेमाल हालिया लूट की वारदात में किया गया था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि टीलामोड़ क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त मेरठ की ओर जाने वाले हैं। पुलिस टीम ने फर्रूखनगर रोड पर पीपल तिराहे के पास घेराबंदी की और संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोकने का प्रयास किया। ड्राइवर ने गाड़ी को जंगल की ओर मोड़कर भागने की कोशिश की लेकिन रास्ता बंद होने पर गाड़ी रोक दी। उसी दौरान दो व्यक्ति गाड़ी से उतरे और पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश घायल हो गए और पुलिस ने उन्हें मौके पर ही दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अंकित पुत्र राजू और कार्तिक पुत्र संजय के रूप में हुई है, जो बागपत जिले के खेकड़ा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने मौके से .32 बोर की पिस्टल, तमंचा, कारतूस और 7,50,000 नकद बरामद किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि ये दोनों 10 जून को ओक्सी होम सोसाइटी के पास स्टांप विक्रेता से हुई लूट की वारदात में शामिल थे। उनके अन्य दो साथी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त अंकित पर बागपत में हत्या के प्रयास के दो मामले दर्ज हैं।